26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 2 अप्रैल, 2026

अंक- 157 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जंग जीत चुके हम- ट्रम्प

## उनकी मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म, सेना हमारे कंट्रोल में, 2-3 हफ्ते में बड़ा हमला करेंगे



**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है। ट्रम्प ने 19 मिनट का भाषण दिया। इसमें कोई नया ऐलान नहीं किया। वही बातें दुहराईं जो पिछले कुछ समय से कहते रहे हैं।

उन्होंने युद्ध की लागत और इसके लंबा खिंचने से चिंतित अमेरिकियों से कहा कि वे इस संघर्ष को सही नजरिए से देखें। उन्होंने इराक (8 साल) और वियतनाम (19 साल) जैसे पिछले अमेरिकी युद्धों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान जंग तो अभी दूसरे महीने में ही पहुंची है। ट्रम्प ने ईरान से युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत की मांग की, जबकि एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट संकट को लेकर कहा कि इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दूसरे देशों को लेनी चाहिए। हालांकि, एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि होर्मुज खोले बिना कोई समझौता नहीं होगा।

### इराक छोड़ने को कहा

**अमेरिका के बगदाद स्थित दूतावास ने एक बड़ा सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ईरान से जुड़े मिलिशिया ग्रुप अगले 24 से 48 घंटों के अंदर बगदाद के सेंट्रल इलाके में हमले कर सकते हैं।**

# तालिब बंधुओं का गंभीर धाराओं में चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** आरा मशीन को लेकर हुये विवाद में तालिब बंधुओं पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आज पुलिस ने उनका चालान कर दिया। पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के करीबी तुषार मलिक की तहरीर पर तालिब, खालिद और आबिद पर आधा दर्जन गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इनमें हत्या के प्रयास की धारा भी शामिल है। इसके अलावा लोक सेवक के कार्य में बाधा, दंगा/बलवा, आपराधिक धमकी, बिना उकसावे के हमला करना जैसे मामलों की धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। पुलिस ने कल शाम ही तालिब बंधुओं को हिरासत में ले लिया था। इस मामले को लेकर कल कई घंटे बवाल हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाये। एक ओर जहां पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने तालिब बंधुओं र अभद्रता और हमला करने का आरोप लगाया, तो दूसरी ओर तालिब बंधुओं ने पूर्व सांसद पर बेवजह परेशान करने, बर्बाद कर देने की धमकी देने और पांच करोड़ रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंसाफ करने की गुहार लगाई।

सम्बंधित खबरें पेज 8 पर




सभी विषय हेतु शिक्षिकाएं तथा चौकीदार, माली, सेविकाएं आवेदन करें- मो. 9837801885, 9927979617



**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

जिले का पहला एवं एकमात्र

Sports Injury & Joint Replacement Centre

**भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल**

**डॉ. मनु अग्रवाल**

M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear)
6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9829211842, 8218989411

# शत-प्रतिशत रहा परीक्षाफल




**हल्दौर ( चिंगारी )**। नगर की शिक्षण संस्था एस.सी.एम. चिल्ड्रन एकेडमी हल्दौर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

प्रबंधक कमेटी के संजीव कुमार बैस, अमित कुमार एवं रवि राजपूत ने विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों एवं अध्यापिकाओं के कठिन परिश्रम के उपरान्त ही गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। उपप्राधानाचार्या तबस्सुम परवीन ने सभी को सफलता के लिए बधाई दी। कक्षा नर्सरी से नौ तक के विद्यार्थियों में चिरायु, अनन्या, मिपिका, मनुश्री, मौ.उमर, मौ.अरहम, कायरव, कामाक्षी, तवीश, वैष्णवी चौधरी, मौ.ईशान, मौ.अबुजर, पार्थ चौहान, गार्दिक, श्रश्रेया, आयशा, धैर्य कुमार, ईशान, तनवी राजपूत, जीविका चौहान, कनक चौहान, खनक चौहान, शालिहा, आरिश, डेविड, आयुष चौहान, वंश चौहान, राधिका, साक्षी, आराध्या सिंह, महक और आर्यव सिंह आदि ने अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## जीएसएन एकेडमी में लगा भव्य मेला

**हल्दौर ( चिंगारी )**। जी.एस.एन इंटरनेशनल एकेडमी में वार्षिक उत्सव के अवसर पर एक भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन स्टॉल, मनोरंजक खेलों तथा रचनात्मक गतिविधियों की आकर्षक व्यवस्था की गई थी। जिसने सभी का मन मोह लिया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता विकास पंकज ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला। मेले के अंत में आयोजित लकी ड्रॉ ने कार्यक्रम में जोश भर दिया। रुपए 10 के कूपन में अजमल कुंज और अजमल मलिक विजेता रहे। रुपए 20 के लकी ड्रॉ में विशेष, पंखुड़ी एवं दिव्यांशी ने जीत हासिल की, जबकि रुपए 30 के लकी ड्रॉ में सूर्यांश, तरुण एवं हर्ष विजेता बने। सभी विजेताओं को विद्यालय के सहप्रबंधक आशुतोष नागर द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति नागर ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मेले बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का उत्तम माध्यम होते हैं। एक्टिविटी टीम ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## दिलेराम मेमोरियल स्कूल का रिजल्ट घोषित, स्थान प्राप्त बच्चे पुरस्कृत

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नगर के मुहल्ला जाटान स्थित दिलेराम मेमोरियल इण्टर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। प्रधानाचार्य लाखन सिंह के अनुसार एलकेजी में जोगेंद्र, सूरज व अब्दुल रहमान, यूकेजी में सोहन, रागिनी व दिशा, कक्षा प्रथम में राघव, अब्दुल्ला व चाखी, कक्षा 2 में अमृता, यश व अहाना, कक्षा तीन में नियती, माधव, कक्षा चार में देव चौधरी, प्रिंस व अंश सैनी, कक्षा 5 में वंश, आराध्या, अंश, रिया व मोईनुद्दीन, कक्षा 6 में शारिक, रिया, कक्षा 7 में प्रीति, प्राची, हिमानी, कक्षा 8 में अलीजा, साची व परी, कक्षा 9 में रचित, प्रिंस व अंश तथा ग्यारहवीं, कक्षा में आर्यन पाल, भावना सैनी व प्रियंका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी विद्यार्थियों को प्रबंधक भूदेव सिंह चंदेल ने पुरस्कृत किया।

## ग्रीन वुड कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**नहटौर ( चिंगारी )**। ग्रीन वुड कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के एमडी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक काजी जमाल नासिर ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में उन्होंने कक्षा 4 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली काका अंसारी की पुत्री छात्रा सिमराह की इस उपलब्धि पर विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। बच्चों की सफलता पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक स्तर की सराहना की।

## सत्यवादी महाराजा हरिशचंद्र वंशीय समिति हल्दौर का गठन

**हल्दौर ( चिंगारी )**। रस्तौगी धर्मशाला हल्दौर में डा.सन्दीप रस्तौगी एवं देवेन्द्र रस्तौगी की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द्र वंशीय समीति हल्दौर का गठन हुआ। जिसमें सुधीर रस्तौगी अध्यक्ष, प्रवीण रस्तौगी महामन्त्री, अभिषेक रस्तौगी कोषाध्यक्ष, संजीव रस्तौगी, सतीश रस्तौगी उपाध्यक्ष, आशुतोष रस्तौगी, पवन रस्तौगी उपमंत्री, सन्दीप रस्तौगी, सुमित रस्तौगी सांस्कृतिक मन्त्री, विभाकर रस्तौगी, अजय रस्तौगी निर्माण मन्त्री, रविन्द्र रस्तौगी आडीटर, संचार-प्रचार मंत्री का दायित्व सुधीश रस्तौगी ने स्वेच्छा से स्वीकार किया। देवेन्द्र रस्तौगी ने सभी दायित्यवान सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित कीं। प्रवीण रस्तौगी ने सभी से एकजुट होकर समाज सेवा के कार्यों को गति देने का आह्वान किया एवं सभी का धन्यवाद किया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

एलपीजी की रोकने को कालाबाजारी प्रशासन ने व्हाट्सअप नम्बर किये जारी ( पेज 16 )



# राजेन्द्र कुमार को 1527, शेर सिंह को 289 वोट मिले

## 1285 वोट लेकर महासचिव चुने गये मनोज सेठी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को भारी गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुए जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 2330 मतदाताओं में से 1864 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेन्द्र सिंह एडवोकेट और मुख्य चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह टिकैत द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने 1527 वोट पाकर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी शेर सिंह एडवोकेट को 289 तथा अभय सिंह उर्फ हैप्पी को 18 वोट मिले, जबकि 30 मत निरस्त हुए। महासचिव पद पर मनोज कुमार सेठी ने 1285 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। कोमल सिंह को 230, गुलसिताब गुल को 215, तेज सिंह एडवोकेट को 117 तथा संजीव कुमार एडवोकेट को 6 वोट मिले। इस पद पर 11 मत निरस्त हुए।



वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संदीप कुमार एडवोकेट 854 वोट पाकर विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंद्वी करतार सिंह एडवोकेट को 539, इफ्तखार अहमद (राजा) को 255 और हरपाल सिंह एडवोकेट को 209 वोट मिले। 7 मत निरस्त हुए।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी ने 1433 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि विकास नारायण यादव को 426 वोट मिले। 5 मत निरस्त घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर कविता चौधरी एडवोकेट ने 903 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। शबाना रहमान को 638 और प्रीति चौहान को 320 वोट मिले। 3 मत निरस्त हुए। संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर मोहित मलिक एडवोकेट ने 1521 वोट पाकर विजय प्राप्त की, जबकि शहजाज अहमद को 335 वोट मिले। 8 मत निरस्त हुए।

संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) पद पर नितिन कुमार एडवोकेट को 809, अभिषेक अग्रवाल को 688 और राजीव कुमार को 311 वोट मिले। इस पद पर 56 मत निरस्त हुए। संयुक्त सचिव (सांस्कृतिक) पद पर वंदना आजाद ने 960 वोट पाकर जीत दर्ज की, जबकि पूजा रानी को 889 वोट मिले। 15 मत निरस्त हुए।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## छेड़छाड़ के मामले ऋषिपाल को तीन साल की सज़ा

### तीन अन्य अभियुक्तों को दो-दो साल का कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर सी जे एम श्री अजय कुमार ने छेड़छाड़ के अभियुक्त ऋषिपाल को तीन वर्ष एवं उसके साथ तीन अन्य अभियुक्तों को दो दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने पर जज साहब को जान से मारने की धमकी दी थी।



अभियोजन अधिकारी श्री राघवेंद्र कुमार के अनुसार धामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मटोरा दुर्ग निवासी पुखराज सिंह 4 मई 2015 को अपनी बेटी अंजलि के साथ चांदपुर न्यायालय में तारीख पर आये थे। शाम 4 बजे के करीब न्यायालय के गेट के सामने शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम शीमला निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र निहाल सिंह, मिथलेश पत्नी राजेंद्र सिंह, ग्राम शेरगढ़ निवासी रिषीपाल पुत्र भगवंत सिंह, रश्मि पत्नी रिषीपाल सिंह, ग्राम ककराला निवासी नागेंद्र ने युवती के कपड़े फाड़ दिये और अश्लील हरकतें कीं। गंदी-गंदी गालियां दीं। इस मामले मे पुखराज ने थाना चांदपुर मे रिपोर्ट दर्ज कराई मुकदमे के विचरण के दौरान मिथलेश की मृत्यु हो गयी।

इस मामले में अपर सीजेएम अजय कुमार ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त राजेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, रश्मि व नागेंद्र सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के तहत दो-दो वर्ष कारावास व एक-एक जार रुपए तथा धारा 323 के तहत तीन-तीन माह का कारावास, धारा 147 के तहत छह-छह माह कारावास की सजा सुनायी है, जबकि ऋषिपाल को धारा 354 बी के तहत तीन वर्ष कारावास एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी गई। उल्लेखनीय है कि इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के मामले में सजा सुनाए जाने पर अपर जिला जज निजेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दी थी।




76039 EX Price Showroom
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक
2.सुपरवाइजर
3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
4.नेटवर्क मैनेजर
5.फीमेल टेलीकॉलर

किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियां

हाल के वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जो सफलता हासिल की है, वह सिर्फ किसी एक मिशन की सफलता तक सीमित नहीं है। इनका दूरगामी प्रभाव पड़ने जा रहा है क्योंकि कई योजनाओं में उस क्रायोजनिक इंजन का इस्तेमाल सफलतापूर्वक किया गया है जिसे देने से कभी अमरीकी विरोध के बाद रूस ने इंकार कर दिया था और भारत ने स्वयं इस तकनीक को विकसित करने का बीड़ा उठाया था। इसकी सफलता के रास्ते में कई बार बाधाएं आईं और स्वयं यह योजना भी कई बार स्थगित होती रही है। बहरहाल, वर्तमान सफलता से क्रायोजनिक तकनीक के अधिक बेहतर उपयोग के रास्ते खुले हैं और आने वाले समय में निश्चय ही इस क्षेत्र में हम कुछ अत्यंत सुखद समाचार सुनने की अपेक्षा कर सकते हैं। इससे पूर्व, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्वदेश निर्मित क्रायोजेनिक इंजन वाले जीएसएलवी डी-5 की प्रस्तावित लांचिंग ऐन मौके पर रोक दी थी। इसरो प्रमुख के अनुसार जीएसएलवी डी-5 में ईंधन रिसाव होने के कारण प्रक्षेपण फिलहाल टाल दिया गया था। 49 मीटर लंबे और 414 टन वजनी जीएसएलवी प्रक्षेपण यान के तीसरे चरण यानी देश में ही विकसित क्रायोजेनिक अपर स्टेज में प्रणोदक भरने का काम चल रहा था, तभी वैज्ञानिकों को रॉकेट के दूसरे चरण में ईंधन रिसाव के संकेत मिले थे। रिसाव की समस्या जब सामने आई, तब प्रक्षेपण में सिर्फ 74 मिनट का वक्त ही बचा था। जीएसएलवी डी-5 प्रक्षेपण यान के निर्माण पर लगभग 160 करोड़ रुपये तथा उपग्रह के निर्माण पर लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत आई है। बहरहाल, अब सब कुछ ठीक है और हम आगे की बेहतर उड़ानों के लिए तैयार हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में हम लगातार प्रगति कर रहे हैं, लेकिन अब भी हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं हो पाए हैं। क्रायोजेनिक तकनीक के परिप्रेक्ष्य में पूर्ण सफलता नहीं मिलने के कारण भारत इस मामले में अतीत में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, जबकि प्रयोगशाला स्तर पर क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है।

# चुनाव तक तेल की राहत : नीति या राजनीति?



**-सौरभ वार्ष्णेय**

**चुनावी माहौल में सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीतियों के साथ मैदान में हैं। सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों को गिनाकर जनता से पुनः विश्वास मांग रहा है, वहीं विपक्ष सरकार की नीतियों और कमियों को उजागर कर विकल्प प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। चुनावी भाषणों में वादों की भरमार है, लेकिन असली सवाल यह है कि इन वादों का जमीनी हकीकत से कितना संबंध है।**

देश में पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में हालिया राहत ने आम जनता को कुछ हद तक राहत दी है। खासकर जब पांच राज्यों में चुनाव नजदीक हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह राहत दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का हिस्सा है या फिर चुनावी राजनीति की एक सोची-समझी चाल, जहां दूसरे देशों में तेल की कीमतों में आग लगी हुई है। ऐसे में भारत जैसे देश में राहत कब तक? यानी आप यह न समझें महंगाई काबू है। महंगाई धीरे-धीरे बढ़ रही है।

भारत में ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों, टैक्स ढांचे और सरकारी नीतियों पर निर्भर करती हैं। जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है, तो उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब पर पड़ता है। ऐसे में सरकार द्वारा टैक्स में कटौती या कंपनियों को कीमतें स्थिर रखने के निर्देश देना, तत्काल राहत तो देता है, लेकिन इसके पीछे की मंशा पर बहस होना भी स्वाभाविक है। चुनाव के समय अक्सर सरकारें जनहित में फैसले लेती हैं, लेकिन इन फैसलों का समय उन्हें राजनीतिक रंग दे देता है। तेल की कीमतों में कमी से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलती है, परिवहन लागत घटती है और इसका सकारात्मक असर रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों पर भी पड़ता है। इससे मतदाताओं के बीच सरकार की छवि मजबूत होती है। हालांकि, सवाल यह भी है कि क्या यह राहत स्थायी है? चुनाव खत्म होने के बाद क्या फिर से कीमतों में बढ़ोतरी होगी? यदि ऐसा होता है, तो यह साफ संकेत होगा कि यह कदम केवल चुनावी लाभ के लिए उठाया गया था। दूसरी ओर, यदि सरकार लंबे समय तक संतुलित कीमतें बनाए रखती है, तो इसे एक ठोस आर्थिक नीति कहा जा सकता है। देश की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह केवल तात्कालिक राहत से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि स्थायी समाधान चाहती है। सरकार के लिए चुनौती यही है कि वह चुनावी लाभ से ऊपर उठकर ऐसी नीतियां बनाए, जो दीर्घकाल में आर्थिक स्थिरता और जनकल्याण दोनों सुनिश्चित करें। तेल की कीमतों में यह राहत चाहे जिस भी कारण से आई हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि जनता अब केवल राहत नहीं, बल्कि पारदर्शिता और स्थायित्व की अपेक्षा रखती है।



देश में जब-जब चुनावी मौसम आता है, तब-तब महंगाई का मुद्दा भी नई धार के साथ सामने खड़ा हो जाता है। इस समय पांच राज्यों में चुनावी हलचल के बीच आम जनता की सबसे बड़ी चिंता- महंगाई, फिर से राजनीतिक बहस के केंद्र में है। रसोई गैस से लेकर पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं तक, हर चीज़ की कीमतों ने आम आदमी के बजट को झकझोर कर रख दिया है।

चुनावों के दौरान अक्सर सरकारें राहत के कुछ कदम उठाती हैं- कभी ईंधन के दामों में अस्थायी कमी, तो कभी सब्सिडी या योजनाओं का ऐलान, लेकिन यह राहत अक्सर चुनाव तक ही सीमित रहती है। सवाल यह है कि क्या महंगाई केवल चुनावी मुद्दा बनकर रह जाएगी या इसके स्थायी समाधान की दिशा में ठोस प्रयास होंगे? विपक्ष महंगाई को सरकार की विफलता बताकर जनता के बीच जा रहा है, तो सत्ता पक्ष वैश्विक कारणों— जैसे कच्चे तेल की कीमतें, अंतराष्ट्रीय संकट का हवाला देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करता है। सच यह है कि महंगाई पर दोनों ही पक्षों की राजनीति के बीच आम आदमी कहीं दब जाता है। महंगाई का सीधा असर मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग पर पड़ता है। बढ़ती कीमतों के कारण न केवल उनकी क्रय शक्ति घटती है, बल्कि जीवन स्तर पर भी असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जहां आय के साधन सीमित हैं।

जरूरत इस बात की है कि सरकारें अल्पकालिक राहत के बजाय दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान दें। कृषि क्षेत्र को मजबूत करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुधारना और रोजगार के अवसर बढ़ाना- ये कुछ ऐसे कदम हैं जो महंगाई पर काबू पाने में सहायक हो सकते हैं। देश में चुनावी राजनीति से ऊपर उठकर महंगाई जैसे गंभीर मुद्दे पर सर्वदलीय सहमति बनानी होगी। क्योंकि यह केवल एक आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़ा सवाल है। चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन महंगाई पर स्थायी नियंत्रण ही असली राजनीतिक सफलता का पैमाना होना चाहिए।

देश में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवंतता और जनता की अपेक्षाओं का प्रतिबिंब भी है। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब महंगाई, बेरोजगारी, विकास और सुशासन जैसे मुद्दे आम नागरिक के जीवन को सीधे प्रभावित कर रहे हैं।

चुनावी माहौल में सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीतियों के साथ मैदान में हैं। सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों को गिनाकर जनता से पुनः विश्वास मांग रहा है, वहीं विपक्ष सरकार की नीतियों और कमियों को उजागर कर विकल्प प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। चुनावी भाषणों में वादों की भरमार है, लेकिन असली सवाल यह है कि इन वादों का जमीनी हकीकत से कितना संबंध है।

महंगाई आज सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरी है। रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम आदमी की जेब पर भारी बोझ डाला है। ऐसे में मतदाता यह देख रहा है कि कौन-सी सरकार उसे राहत देने में सक्षम है। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, किसानों की आय और बुनियादी सुविधाओं का विकास भी निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि इनके परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह चुनाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए एक संकेत भी होंगे कि जनता का रुझान किस ओर है।

हालांकि, चुनाव केवल मुद्दों और वादों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि मतदाता जाति, धर्म और क्षेत्रीय भावनाओं से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। एक जागरूक और जिम्मेदार मतदाता ही देश के भविष्य को सही दिशा दे सकता है।

पांच राज्यों के ये चुनाव लोकतंत्र का उत्सव हैं, जहां जनता ही असली निर्णायक होती है। अब यह मतदाताओं पर निर्भर है कि वे किसे अपना विश्वास सौंपते हैं और किसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाते हैं। ऐसे में अगर महंगाई काबू रहे तो अर्थ के लिए अच्छा है। लेकिन यह सब जानते हैं कि यह चुनाव वाद महंगाई बढ़नी तय है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, समाचार-पत्र व पत्रिकाओं में समसामयिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक हैं।)**

# जिला स्तरीय बैठक में भाजपा की नई टीम का स्वागत



भारतीय जनता पार्टी बिजनौर की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी को सम्मानित करते हुए वरिष्ठ नेता।



सहमीडिया प्रभारी गोपाल धीमान का स्वागत करते हुए नूरपुर चेयरमैन।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का स्वागत और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा और स्थापना के मूल संकल्पों को दोहराया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया। इस अवसर पर जिला बिजनौर की नवनिर्वाचित टीम का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने संगठन के विस्तार और मीडिया प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए जिला मीडिया टीम की घोषणा की। दीपक गर्ग 'मोनू' को जिला मीडिया प्रभारी, पंडित गोपाल धीमान एवं विक्रांत चौधरी को जिला सहमीडिया प्रभारी, अश्वनी शर्मा को जिला संयोजक आईटी तथा प्रदीप कौशिक को जिला संयोजक सोशल मीडिया नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर व अनूप बाल्मीकि, नगर पालिका अध्यक्षा इंदिरा सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, कविता चौधरी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे।

## मीडिया टीम की घोषणा

जिला महामंत्री नरेश भाटी, दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, रजनी कालरा, रवि चौधरी, अतुल मारवाड़ी, मायापाल, नीरज विश्नोई, फूल सिंह, तुषार गौड़, जिला मंत्री विनोद राठी, शिखा गुप्ता, प्रभात यादव, तिलकराज सैनी, मिथलेश देवी, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व विधायक सुबोध पाराशर, मोनिका शर्मा, केशव चौधरी, जयवीर पंचवाल, जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु सहित अनेक पदाधिकारियों का फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# पाइप लाइन से सड़क धंसने का ख़तरा, किसानों ने डीएम को दिया ज्ञापन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्जुन सिंह सालान के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर मंडावर से बादशाहपुर जाने वाली सड़क के किनारे डाली गई पाइप लाइन को हटाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त सड़क का निर्माण धामपुर डिवीजन (PWD) द्वारा कराया गया था, लेकिन कुछ दबंग लोगों ने सड़क किनारे खुदाई कर लगभग 500 मीटर लंबी पाइप लाइन डाल दी है। किसानों का कहना है कि आने वाले बरसात के मौसम में इससे सड़क धंसने की आशंका है, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने इसे PWD एक्ट के भी विपरीत बताया। किसानों ने बताया कि इस संबंध में धामपुर डिवीजन PWD में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर पाइप लाइन को तत्काल हटवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 5 अप्रैल 2026 तक पाइप लाइन नहीं हटाई गई, तो 6 अप्रैल से राष्ट्रीय किसान यूनियन धामपुर डिवीजन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगी।

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक**

# गय्यूर आसिफ ने संभाली आरजेपी इंटर कॉलेज की कमान

## कैप्टन बिशनलाल के सेवानिवृत्त होने पर बने कार्यवाहक प्रधानाचार्य



कार्यवाहक प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण करते हुए गय्यूर आसिफ

**बिजनौर ( चिंगारी )। बुधवार को राजा ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलेज ( आरजेपी ) में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल के सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता गय्यूर आसिफ को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पदभार सौंपा गया। यह नियुक्ति विद्यालय के प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा के आदेश पर की गई।**

इस अवसर पर निवर्तमान प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने औपचारिक रूप से गय्यूर आसिफ को कार्यभार सौंपा। पदभार ग्रहण करते ही समस्त स्टाफ ने उन्हें माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद गय्यूर आसिफ ने राजा ज्वाला प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि आरजेपी जैसे प्रतिष्ठित विद्यालय का कार्यभार संभालना जहां महत्वपूर्ण है, वहीं यह एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वह वीरा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा स्थापित आदर्शों और मूल्यों का पालन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे।

इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल, प्रधान लिपिक ओमपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, सुधीर राजपूत, बृजेश राजपूत, मनोज कुमार यादव, सुभाष बाबू, विनोद कुमार यादव, सत्यप्रकाश गंगवार, चंद्रहास, भूपेंद्रपाल सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद अनस, करणवीर सिंह, अलका रानी, प्रदीप सिंह, जयप्रकाश, जितेंद्र पाल, लक्षेश कुमार, भोलानाथ, छवि गर्ग, लिपिक अनुराग भारद्वाज, निर्मला यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



गय्यूर आसिफ को मिठाई खिलाते हुए कैप्टन बिशनलाल।

# बाबा बजरंग बली को सवा कुंटल लड्डू का भोग लगाया

धामपुर ( चिंगारी )। श्रीमद् हनुमत सेवा समिति (पंजी.) व बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के संयोजन में आयोजित किये जा रहे। श्री हनुमान जन्मोत्सव की तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के द्वितीय दिवस संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन कर बाबा बजरंग बली को सवा कुंतल लड्डू का भोग लगाया गया।


श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए।

इस अवसर पर नगर के प्रबुद्धजनों अभय गोयल (फर्स्ट स्टैप प्ले स्कूल), संजीव अग्रवाल(फर्नीचर वाले), अमित माहेश्वरी, मनोज कात्यायन पत्रकार, सुमित शर्मा पत्रकार, मुनीश उपाध्याय पत्रकार, डा. जितेंद्र कौशिक, अमित माहेश्वरी, महंत पीयूष अग्रवाल, विजय जैन, संयम जैन, श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल, मुकेश चौहान एडीजीसी, दुष्यंत चौहान, डा. संजय भटनागर, डा. कुशाग्र सक्सेना, गौरव शर्मा, अजय अग्रवाल पिंटू, नमन जैन, मनीष गर्ग, डा. करिश्मा सक्सेना, मिथलेश शर्मा आदि को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में रामदास जी महाराज, सुभाष चन्द्र कौशिक, प. पवन कौशिक, पंकज भटनागर, मंयक अग्रवाल, आयुष राज वर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, नीरज कुमार, यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, रजत सक्सेना, मेघराज सिंह प्रजापति, महेन्द्र सिंह, मेघराज सिंह, डा. ए.के. वर्मा, अनिल चौधरी, पंकज वर्मा, चेतन सैनी, डा. ईश्वर चंद शर्मा, नितिन भटनागर, महंत विजय प्रकाश वर्मा, प्रदीप शर्मा, प. गौरव कृष्ण भारद्वाज, प. विकास वशिष्ठ, चौ. अभिजीत सिंह, कुलवंत सिंह पंवार, महावीर सिंह, पुनीत रघुवंशी, हिमांशु गुप्ता, सक्षम गुप्ता, कार्तिक तुली, सार्थक चौधरी, सोमवती देवी, नमिता वर्मा, रीना वर्मा, प्रियंका तुली, अनीता भटनागर, बबीता सक्सेना, पलक अग्रवाल, मिथलेश शर्मा, शशि दुआ, गौरी वर्मा, रानी देवी, रजनी गुप्ता, मुन्नी देवी, शीतल पंवार, अक्षिता सिंह, दिव्यांशी सिंह, अराध्या भटनागर, पीहू गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ बालाजी धाम का वार्षिक उत्सव समाप्त

धामपुर ( चिंगारी )। सिद्ध पीठ संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ समाप्त हो गया। भजन सध्या में भजन गायक शिवम तिलकधारी तथा पुष्पेंद्र चौहान द्वारा प्रस्तुत किये गए भजनों को पसंद किया गया। बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल महाराज के संरक्षण में आयोजित सामूहिक हनुमत यज्ञ में मुख्य यजमानों में समाजसेवी अशोक कुमार अग्रवाल होंडा एवं शालिनी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एवं शिवानी अग्रवाल, डीवी सिंह चौहान एवं गीता देवी चौहान, ललित कुमार सैनी एवं अनीता रानी सैनी, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, डॉक्टर कुशाग्र सक्सेना, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल एवं डॉक्टर मोनिका अग्रवाल अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


भजन सुनाते हुए पुष्पेंद्र चौहान।

पूजन कार्यक्रम यज्ञ आचार्य पंडित अर्पित कुमार शर्मा ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल बूरे वाले महासचिव मास्टर सुनील कुमार कोषाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी के निर्देशन में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव का हुआ आयोजन, किये भजन-कीर्तन


सुंदरकांड कराते हुए महत अमित गिरी जी महाराज।

धामपुर ( चिंगारी )। प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में संध्या के समय सुंदरकांड , हनुमान चालीसा पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज ने मुख्य यजमान जतिन गुप्ता, नेहा गुप्ता, मनोज गुप्ता, अर्चना गुप्ता के द्वारा गौरी गणेश पूजन व कलश पूजन, नवग्रह पूजन विधि विधान से कराया। महंत डॉ. अमित गिरि ने गणपति वंदना, मोती शर्मा ने गुरु वंदना, अभिषेक वर्मा ने सरस्वती वंदना गाकर सुंदरकांड पाठ की शुरुआत की। महंत आदित्य गिरि व डॉ. अमित गिरि ने यजमान तथा सभी भक्तों के द्वारा आरती संपन्न कराई। भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में मंदिर की पुजारन पूनम गिरि, स्नेहा गिरि, समता जोशी, आशा देवी, जतिन गिरि, डॉक्टर रविंद्र प्रताप भारद्वाज, शुभम जोशी, आमखेड़ा से आए दीपक चौहान, श्रीमती मृदुलेश चौहान, हेमराज व उनकी पत्नी, मनोज कात्यायन, रुक्मेश रानी, सुधा, सतीश शर्मा, संध्या चौधरी तथा अनेक महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## तेज गति से चल रहा सड़क चौड़ीकरण का कार्य

धामपुर( चिंगारी )। लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। ठेकेदार देवेंद्र चौहान ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के बाद इस पर डिवाइडर बनाया जाएगा, जिससे आने और जाने के मार्ग अलग-अलग हो जाएंगे तथा दुर्घटना होने की संभावना भी कम रहेगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने बताया कि डिवाइडर रोड के बीच में नगर पालिका परिषद द्वारा लाइट लगाई जाएगी, जिससे यह मार्ग दूधिया रोशनी से सरोबोर हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा नगीना चौक से रोडवेज बस स्टैंड और नहटौर ओवर ब्रिज होते हुए महामना पंडित मदन मोहन मालवीय चौक तक हाई मास्क स्ट्रीट लाइट व खम्बो तक तिरंगे की झालर लगवा दी गई है, इसके बाद डिवाइडर रोड पर भी यह कार्य कराया जाएगा।

## एस.बी.डी. महाविद्यालय की दो छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयन



धामपुर ( चिंगारी )। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की टीम ने वाईएमएसपीजी कॉलेज मण्डी धनौरा में आयोजित अंतर महाविद्यालय रस्सा खींच प्रतियोगिता में सहभागिता की तथा वहां आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज चान्दपुर को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दो छात्राओं खुशी ठाकुर व प्राची रानी का चयन ऑल इण्डिया अन्तर विश्वविद्यालय रस्सा खींच प्रतियोगिता के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की टीम की ओर से हुआ है। ये छात्रायें रस्सा खींच (महिला) प्रतियोगिता के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट खेलने जायेंगी। महाविद्यालय आने पर इन सभी छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पर देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्रबंधक रेनू गोयल व प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं तथा टीम मैनेजर डॉ. नगमा परवीन, ज्योति को उनके प्रयास के लिए सराहना करते हुए बधाई दी।

## सिमराह स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

### दरख्शा मिस व अदयान मिस्टर फेयरवेल बने

धामपुर ( चिंगारी )। शेरकोट मार्ग स्थित सिमराह इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में दरख्शा मिस फेयरवेल एवं अदयान मिस्टर के चुने गये। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन शिफा व जिया ने किया। अनमता, आयशा, जिया, अकदस, शिफा आदि छात्र-छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्रीमती हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान किये। प्रधानाचार्य मंसूर खान ने कहा कि अच्छा आचरण एवं कठिन परिश्रम ही जीवन को सफल बनाते हैं। हमें सदैव निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित गुप्ता, अनस, राजू, हसीब, इकरा, पल्लवी का योगदान रहा।



मिस एंड मिस्टर फेयरवेल का सम्मान करते हुए।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मनाया काला दिवस



बिजनौर (चिंगारी)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों-कर्मचारियों ने काला दिवस मनाया। सभी शिक्षकों-कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर अपने कार्य स्थल पर कार्य करते हुए जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत एवं महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीम बानो के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को बंद कर एनपीएस को लागू किया गया था, जो शेयर बाजार पर आधारित है। ये सरकार द्वारा पेंशन के नाम पर केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ठगने का कार्य है। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए निरंतर शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष अब निर्णायक मोड पर है। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गयूर आसिफ, सुधांशु वत्स, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, तेजपाल सिंह, मोहम्मद अनस, प्रिंस कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पेंशनर्स में बढ़ता जा रहा असंतोष, 21 को कलेक्ट्रेट में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**बिजनौर (चिंगारी)। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा बिजनौर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवध्यान सिंह ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री योगेश्वर ने किया।**



बैठक में प्रांतीय आवाहन पर 21 अप्रैल 2026 को कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष शिवध्यान सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों के बीच तिथि के आधार पर विभेद किया जा रहा है तथा केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन में पेंशन का मामला शामिल नहीं किए जाने से पेंशनरों में भारी असंतोष है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने मांग की कि वित्त विधेयक 2025 के विभेदकारी प्रावधानों को हटाकर पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग के दायरे में लाया जाए तथा 29 अगस्त 2008 के राजपत्र के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों और शिक्षकों के लिए अलग सीपीआई बनाई जाए। जिला संप्रेक्षक शशिकांत मिश्रा ने 65 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक पांच वर्ष पर 5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि और पेंशन को आयकर मुक्त करने की मांग रखी। उपाध्यक्ष देशराज सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 50 प्रतिशत छूट बहाल करने और कोरोना काल के 18 माह के डीए एरियर का भुगतान करने की मांग की। ओमवीर सिंह मलिक ने महंगाई भत्ते को 50 प्रतिशत से अधिक होने पर मूल वेतन/पेंशन में मर्ज करने तथा आयुष्मान योजना की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का सुझाव दिया।

जिला संरक्षक बलवीर सिंह ने सभी सदस्यों से अपील की कि प्रधानमंत्री को भेजी जाने वाली सामूहिक याचिका पर 11 अप्रैल 2026 तक हस्ताक्षर कर जिला अध्यक्ष/मंत्री को उपलब्ध कराएं। बैठक में महावीर सिंह, रणवीर सिंह, शमशेर सिंह राठी, विजेंद्र सिंह राठी, प्रीतम सिंह, हरवीर सिंह, महेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, सलामत हुसैन, विनोद राठी, बीआर पाल, रामपाल सिंह अहलावत सहित अनेक वक्ताओं ने संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया।

## गोद में बैठ कर कविता सुनाई, डीएम ने बच्ची की पीठ थपथपाई



बिजनौर (चिंगारी)। गत दिवस जनपद मुख्यालय पर संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूकता रैली आयोजित हुई जिसमें आंगनबाड़ियां भी शरीक रहीं। इस कार्यक्रम में मोहल्ला मिर्दगान निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री शहनाज बानो भी अपनी बिटिया सुम्बुल नाज उर्फ मिट्ठू के साथ मौजूद रही। इस दौरान शहनाज बानो ने जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट भी की। इस मौके पर शहनाज बानो की बेटी सुम्बुल नाज उर्फ मिट्ठू ने बेहद मासूमियत भरे अंदाज में डीएम जसजीत कौर को कविता सुनाई जिसे सुनकर जिलाधिकारी ने मिट्ठू को गोद में बैठा लिया और उसे प्यार करते हुए जिंदगी में ऊंचाइयों तक जाने का आशीर्वाद दिया। इस शिष्टाचार मुलाकात के बाद शहनाज बानो ने जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर की व्यवहार कुशलता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

## सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु डांस, सिंगिंग व वॉटर कलर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल सिंगिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के लिए प्रेरणादायक तथा सीनियर वर्ग के लिए शास्त्रीय/ अर्द्धशास्त्रीय थीम निर्धारित की गई थी। प्रतिभागियों का मूल्यांकन सुर,लय व उच्चारण के आधार पर किया गया। एकल डांस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के लिए सिनेमैटिक तथा सीनियर वर्ग के लिए शास्त्रीय थीम रखी गई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन कोरियोग्राफी, परिधान एवं अभिव्यक्ति के आधार पर किया। वॉटर कलर पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, कलात्मक संयोजन एवं विषय की स्पष्टता के आधार पर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## एनपीएस के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**शेरकोट (चिंगारी)।** बुधवार को नगर के आर.यू.एम. हायर सेकंडरी स्कूल मे शिक्षकों और कर्मचारियों ने एन.पी.एस. और यूपीएस के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की माँग की। अटेवा संगठन के आह्वान पर आज स्कूल में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हाथो पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया और एनपीएस व यूपीएस का विरोध जताया। इस दौरान शिक्षक मौ आलम अंसारी ने कहा कि 1अप्रैल 2005 को आज ही के दिन राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन समाप्त कर एन पी एस को लागू किया था, तभी से इसके विरोध में समय समय पर आंदोलन हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से एनपीएस व ओपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करते हुए जिंससे कर्मचारियों का हित में बताया । इस मौके पर शमशाद हुसैन, शकील अहमद,रिहान अहमद,मोहम्मद आलम, मोहम्मद रिजवान, रईस अहमद, अरशद हुसैन खां, मोहम्मद शहजाद,अबरार अहमद सहित आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे और सरकार से मांग की।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावपूर्ण विदाई दी

चांदपुर (चिंगारी)। हिंदू इंटर कॉलेज में बुधवार को सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ की ओर से 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों वीरमलखान सिंह प्रवक्ता गणित, सत्यवीर सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी तथा सहायक अध्यापक हंसराज को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार गर्ग, डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, सुधीर अग्रवाल, पंकज कुमार, नरपाल सिंह, अवनीश भटनागर, पूनम बिश्नोई, रेशु शर्मा, दीपक कुमार गर्ग ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता डा.एम एस त्यागी ने किया।



## शत-प्रतिशत रहा सर्वोदय विद्यापीठ का परीक्षाफल



चांदपुर (चिंगारी)। सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सैंदवार का वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक दिनेश कुमार चौहान, संस्थापिका श्रीमती पीयूष राजपूत, प्रधानाचार्य श्रीमती सृष्टि राणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा नर्सरी में अवनी प्रथम,अंश द्वितीय,केजी में प्रज्ञा प्रथम,तानविका द्वितीय व मानविका तृतीय, कक्षा प्रथम में गुंजन प्रथम, अश्वनी द्वितीय,मानवी तृतीय, कक्षा द्वितीय में जैना प्रथम, प्रियांशी द्वितीय व रितिक तृतीय, कक्षा तृतीय में दिव्या प्रथम,यश द्वितीय,रिशव तृतीय, कक्षा चतुर्थ में अली शबा प्रथम,अवनी द्वितीय व अवनी तृतीय, कक्षा 5 में राशि प्रथम,पायल द्वितीय व सानिव तृतीय, कक्षा 6में प्रथम, चांदनी द्वितीय व मशी तृतीय रहीं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# मामूली विवाद ने गंभीर रूप धारण किया

# आरा मशीन को लेकर घमासान, तालिब बंधुओं का चालान

## BNS की गंभीर धाराओं में मुक़दमा दर्ज

## जान से मारने की कोशिश, धमकी व बलवा कराने के आरोप



**बिजनौर ( चिंगारी )। बुधवार को आरा मशीन को लेकर हुआ विवाद गंभीर आपराधिक मुकदमे में बदल गया है। पुलिस ने पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के करीबी तुषार मलिक की तहरीर पर खालिद, आबिद, तालिब समेत कई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कल के घटनाक्रम के बाद ही तालिब बंधुओं को हिरासत में ले लिया था।**

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी के साथ हुई खालिद की राड़ ने कल शाम उस समय नया मोड़ ले लिया, जब पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह की शिकायत पर प्रशासनिक टीम गंज रोड स्थित तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर जांच करने पहुंची। बाद में भारतेंद्र सिंह भी अपने कुछ समर्थकों के साथ वहां पहुंच गये। इस दौरान मामला इतना बढ़ा कि तालिब बंधु बिफर पड़े। आबिद भारतेंद्र सिंह की कार के आगे लेट गया, जबकि खालिद ने भारतेंद्र के गनर से कार्बाइन छीन लेने की कोशिश की। तीनों भाइयों ने चीख-चीखकर कहा कि हम आत्महत्या कर लेते हैं। तीनों भाइयों ने भारतेंद्र सिंह की गाड़ी रोकने और उन्हें बाहर खींचने का भी प्रयास किया। इसके बाद तालिब बंधु घटना की तहरीर देने थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें वहीं बैठा लिया।

रात में तुषार मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह एक पुराने मामले में गवाह हैं, जिसके चलते आरोपियों द्वारा उस पर लगातार अपने पक्ष में बयान देने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्हें समझौते के बहाने चांदपुर रोड स्थित आरामशीन पर बुलाया गया, जहां आरोपियों ने कथित रूप से उस पर दबाव बनाया। तहरीर के अनुसार, विवाद के दौरान खालिद ने तमंचे से फायर किया, जिससे वह और उसके साथी बाल-बाल बचे। इस बीच पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद मामला और बिगड़ गया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और पुलिस गार्ड से कार्बाइन छीनने का प्रयास किया। साथ ही भीड़ इकट्ठा कर बलवा कराने और बंदी बनाने की कोशिश भी की। पुलिस ने तुषार मलिक की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तालिब बन्धुओं का चालान कर दिया। लेकिन तालिब बंधुओं की तहरीर लेने से पुलिस ने इन्कार कर दिया।



## तालिब बंधुओं के ख़िलाफ़ डीएफओ ने भी दी तहरीर



## इन धाराओं में दर्ज हुआ मुक़दमा और उनके प्रावधान

धारा 109 (1) BNS (हत्या का प्रयास/ से संबंधित प्रावधान)

इस धारा के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी की हत्या करने की नीयत से हमला करता है या ऐसा प्रयास करता है, तो उसे कठोर सजा दी जाती है। इसमें आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

धारा 132 BNS (लोक सेवक के कार्य में बाधा/अभद्रता)

यदि कोई व्यक्ति सरकारी कार्य कर रहे अधिकारी या कर्मचारी के काम में बाधा डालता है या अभद्र व्यवहार करता है, तो यह अपराध माना जाता है। इसमें कारावास और जुर्माने का प्रावधान है।

धारा 191(2) BNS (दंगा/बलवा से संबंधित प्रावधान)

जब कोई समूह मिलकर हिंसक गतिविधि करता है या शांति भंग करता है, तो इसे बलवा माना जाता है। इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जेल की सजा का प्रावधान है।

धारा 351 (2) BNS (आपराधिक धमकी)

किसी व्यक्ति को जान से मारने या नुकसान पहुंचाने की धमकी देना इस धारा के अंतर्गत आता है। इसमें कारावास और जुर्माने की सजा हो सकती है।

धारा 352 BNS (हमला) : बिना उकसावे के हमला करना या मारपीट करना इस धारा के अंतर्गत अपराध है। इसमें साधारण कारावास या जुर्माने का प्रावधान है।

## सबसे बड़ा सवाल

कल के प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह है पूछा जा रहा है कि पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह किस मकसद और किस हैसियत से तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर गये थे। हालांकि भारतेंद्र सिंह का कहना है कि वे एडीएम के कहने पर वहां गये थे।

## तालिब बंधु आपा खो बैठे

**7 जुलाई 2025 से यह विवाद चल रहा है। रोबिन चौधरी पर हमले को लेकर तालिब बंधुओं के खिलाफ प्रशासन की ओर से कई कार्रवाइयां की गईं। तालिब बंधुओं को जेल भी जाना पड़ा। उनके शस्त्र लाइसेंस और पासपोर्ट निलंबित कर दिये गये। कुछ फैक्ट्रियों को सील किया गया। वन विभाग ने भी कार्रवाई की। कथित उत्पीड़न से परेशान तालिब बंधु भारतेंद्र सिंह को देखकर कल आपा खो बैठे।**

## जाट आगे आयें- दिलशाद अंसारी



समाजवादी पार्टी के नेता दिलशाद अंसारी ने तालिब बंधुओं के उत्पीड़न की निंदा करते हुये आरोप लगाया कि कि राजा भारतेंद्र सिंह अपने राजनीतिक फायदे के लिये जिले का माहौल खराब करना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों से मुसलमानों के वोटों के लिये टिकट मांग रहे जाट नेता कहां हैं। उन्हें आगे आकर तालिब बंधुओं के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

## किस हैसियत से आरामशीन पर गये थे पूर्व सांसद



मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि तालिब बंधुओं के उत्पीड़न की हद हो गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रशासनिक टीम आरामशीन की जांच करे तो ठीक है, लेकिन पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह वहां क्या करने गये थे। यदि वहां माहौल खराब हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। रुचि वीरा ने ये भी कहा कि अब तालिब बंधुओं का उत्पीड़न बंद होना चाहिए।

## एकतरफा हो रही कार्रवाई- वसीम अकरम



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष वसीम अकरम ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि तालिब-खालिद प्रकरण में एकतरफा कार्रवाई हो रही है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाली पुलिस बताये कि क्या तालिब बंधु भारतेंद्र सिंह या तुषार मलिक के घर हमला करने गये थे। उन्होंने कहा कि भारतेंद्र सिंह भीड़ को लेकर तालिब बंधुओं की आरामशीन पर गये और उन पर हमला किया। इसके बावजूद तालिब बंधुओं को ही जेल भेजा रहा है।

## माहौल खराब न करें- सतपाल



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सतपाल प्रधान ने राजा भारतेंद्र सिंह से कहा है कि वे राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिये जिले का माहौल खराब न करें। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं पर जुल्म की हद हो गई है। भारतेंद्र व पुलिस प्रशासन को ऐसा नहीं करना चाहिए। सत्ता आती-जाती रहती है।

## वन विभाग भी करेगा कार्रवाई

**डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि तालिब बंधुओं की आरामशीन बहाल नहीं की गई थी। उनकी आरामशीनों का नवीनीकरण नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि जो लोग कह रहे हैं कि सील की गई आरामशीन बहाल कर दी गई थी, वह गलत है। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं के खिलाफ कार्रवाई के लिये वन विभाग ने पुलिस को तहरीर दे दी है।**

# महावीर भगवान के जन्म कल्याणक पर निकाली गई प्रभात फेरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगंबर जैन पंचायती मन्दिर नजीबाबाद में 24 वें तीर्थंकर श्री महावीर भगवान का जन्म कल्याणक उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के आगे जैन समाज श्राविकाओ ने धार्मिक भजन गाकर माहौल भक्तिमय बनाए रखा। प्रभात फेरी जियो और जीने के संदेश के साथ मंदिर पहुंची। मार्ग पर काफी श्रद्धालुओं ने अपने घर के सामने पालकी की आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सरजायती दिगम्बर जैन मन्दिर व पचायती मन्दिर पर ध्वज स्थापित किया गया। समाज से 108 कलशों से विशेष नमन कराया गया। जिसमें समाज के लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया। अभिषेक प्रथम कलश की बोली पारसनाथ जैन परिवार, श्रीजी पर शान्ति धारा की बोली, जितेंद्र जैन परिवार, आरती की बोली राजेश जैन परिवार की ओर से की गई। सामूहिक चालीसा पाठ व भक्ति की गई। मंत्री नीरज जैन, उप मंत्री निशु जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, भंडारी पुनीत जैन, राहुल जैन, नवल जैन, नीरज जैन, संगीता जैन, आशा जैन, निधि जैन, संतोष जैन, अनूप जैन, वन्दना जैन, कुशमंदानी जैन, भाविक जैन, संतोष जैन, आदि जैन, श्री जैन, स्वाति जैन, संध्या जैन, रैना जैन, अंकुर जैन सहित जैन समाज के काफी लोग उपस्थित रहे।



जैन मंदिर में पूजा करते जैन समाज के श्रद्धालु।



## महिला आयोग की सदस्य ने किया नामांकन मेले का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बेसिक विद्यालयों में वार्षिकोत्सव तथा नामांकन मेले के आयोजन शुरू किये गये है। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक के प्राथमिक विधालय लुकादड़ी में कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने किया। उन्होंने बच्चों से गंभीरता पूर्वक शिक्षा ग्रहण करने तथा आगे चलकर गाँव व अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया। वरिष्ठ बीजेपी नेता राजीव अग्रवाल ने शिक्षा विभाग में चलाये जा रहे जनहित के कार्यों के संबंध में बताया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम में बीआरसी मोबीन हसन, सुखदेव, देवेन्द्र, राहुल, रितेश भाटिया, सूची राणा, मुकेश, अश्वनी शर्मा, नम्रता आदि उपस्थित रहे।



## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने मौ. एहतेशाम को गुलदस्ता भेंट किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के प्रसिद्ध राज सैनेट्री वेयर के स्वामी एवं पूर्व सभासद इरशाद अहमद के पुत्र मौ. एहतेशाम राजा की शादी देहरादून निवासी बड़े कारोबारी शहाबत खान की पुत्री बारिया खान के साथ नगर के कान्हा होटल में धूमधाम से सम्पन्न हुई। देहरादून में बारात में लड़की वालों की तरफ से कार्यक्रम में शामिल हुए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दुल्हन व दूल्हा मौ. एहतेशाम को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें विवाह समारोह की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। नजीबाबाद में शादी समारोह में विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, रालोद नेता इकबाल चद्यैधरी, सीनियर अधिवक्ता नसीम आलम, समाजसेवी आसिफ मुत्तकी, अनिल शर्मा, शमशाद अहमद सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शबनम नसरीन बनी एमडीकेवी की कार्यवाहक प्रधानाचार्या



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी के सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती शबनम नसरीन (प्रवक्ता इतिहास) को एमडीकेवी का प्रधानाचार्या बनाया गया है। कॉलेज के प्रबंधक नीरज जैन ने बुधवार को श्रीमती शबनम नसरीन को कार्यवाहक प्रधानाचार्या का कार्यभार ग्रहण कराया। शबनम नसरीन को प्रधानाचार्या का कार्यभार ग्रहण कराने के बाद प्रबंधक ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

## सूचना नाम परिवर्तन

**पहले मेरा नाम नीतू वर्मा था। अब वर्तमान में मेरा नाम मोनिका वर्मा है। भविष्य में मुझे मोनिका वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। मोनिका वर्मा के नाम से ही मेरे आधार कार्ड व पैनकार्ड है।**

**मोनिका वर्मा पत्नी मनोज कुमार, निवासी मौहल्ला मजीदगंज नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.**

## मिस्बाह परवीन को मिला टॉप स्टूडेंट का अवार्ड



नजीबाबाद (चिंगारी)। उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर विकास क्षेत्र नजीबाबाद में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस मौके पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एआरपी रितेश भाटिया एव मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने सभी मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मिस्बाह परवीन को टॉप स्टूडेंट का अवार्ड दिया गया। कक्षा-8 में मिस्बाह परवीन, समरीन परवीन, हमजा इकबाल, कक्षा-7 में रिहान अलकाब, आफान, फौजिया तथा कक्षा-6 में अरहान इकबाल, अन्जार, सूफियान क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। इस अवसर पर अमित कुमार चौधरी, शशिकान्त शर्मा, अरुण कुमार, श्रीमति पुष्पा देवी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षको का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आमित कुमार चौधरी ने किया।

## दो शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विकास क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के दो शिक्षकों अनिल गहलौत व धनीराम को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। न्याय पंचायत पर्वतपुर में प्राथमिक विद्यालय आजमपुर गाजी के वरिष्ठ शिक्षक अनिल गहलौत की सेवानिवृत्त पर विद्यालय स्तर पर एक विदाई सम्मान समारोह का आयोजन दोनों विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में प्राथमिक विद्यालय आजमपुर गाजी व प्राथमिक विद्यालय सराय सैद घोड़ा के समस्त स्टॉफ, न्याय पंचायत पर्वतपुर के विद्यालयों के स्टॉफ, ग्रामवासी, अभिभावकगणों ने सेवानिवृत्त शिक्षक को माला पहनाकर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने शिक्षक अनिल गहलौत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह विभाग से कार्यमुक्त हुए हैं, समाज में उनकी अब अग्रणी भूमिका रहेगी। उधर न्याय पंचायत पर्वतपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय समीपुर के वरिष्ठ शिक्षक धनीराम को सेवानिवृत्ति पर समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। जिसमें सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक धनीराम का माल्यार्पण कर उपहार भेंट कर सम्मान किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कंपोजिट विद्यालय जुल्फकारपुर गढ़ी के सहायक अध्यापक आमिर अली आदि उपस्थित रहे।





# वनकर्मियों ने किसान नेता पर लगाया अभियुक्तों को जबरन छुड़ा ले जाने का आरोप

## अभद्रता, मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी इल्जाम लगाया



पकड़ी गई लकड़ियों के साथ मौजूद रेंजर अंकिता किशोर व अन्य वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** वनकर्मियों ने एक किसान नेता व उसके साथियों पर अवैध रूप से मिश्रित जलोनी लकड़ियां ले जाते गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को जबरन छुड़ा ले जाने और इस दौरान अभद्रता कर मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और वनकर्मियों को बलात्कार जैसे झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही को प्रार्थना पत्र दिया है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को लिखे प्रार्थना पत्र में अमानगढ़ वन रेंज में तैनात वन दरोगा नरेश कुमार ने बताया कि वह साथी स्टाफ के साथ बुधवार को क्षेत्र के मीरापुर चौराहे पर नियमित गश्त पर थे कि आते हुए एक संदिग्ध वाहन को रोका गया जिसमें जलोनी लकड़ियां लदी हुई थी। वन दरोगा नरेश कुमार का कहना है कि वाहन चालक शमशेर सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी मालोनी थाना रेहड़ व उसका साथी लखवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी लालबाग थाना रेहड़ से लकड़ियों के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर में उन्हें अभिरक्षा में लिया गया। वन दरोगा का आरोप है कि इसी बीच किसान नेता मदन सिंह राणा अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और वनकर्मियों की अभिरक्षा से दोनों अभियुक्तों को जबरन छुड़ाकर ले गए। वन दरोगा का आरोप है कि इसी बीच उन्होंने वनकर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली और महिलाओं को बुलाकर बलात्कार जैसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। इस संबंध में अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने आरोपियों के खिलाफ अपने स्तर से भी जरूरी विभागीय कार्यवाही किए जाने की बात कही है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने जांच के बाद कार्यवाही किए जाने की बात कही है। इस सम्बंध में भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने वनकर्मियों के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि वनकर्मी निर्दोष व्यक्तियों को पकड़ कर ले जा रहे थे जिनके ले जाने का विरोध किया गया है।

# राष्ट्र सेविका समिति का प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग सम्पन्न




**धामपुर (चिंगारी)।** राष्ट्र सेविका समिति बिजनौर विभाग का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग धामपुर के रामगोपाल रामचंद्र विद्या मंदिर मे प्रांत कार्यवाहिका सुकुंज बाला, सह प्रांत शारीरिक प्रमुख सुश्री शिवानी के सानिध्य में संपन्न हुआ।

शिविर में मुख्य शिक्षिका सुरेखा (विभाग संपर्क प्रमुख बिजनौर विभाग) वर्ग अधिकारी मीनाक्षी (नगर कार्यवाहिका नूरपुर) वर्ग कार्यवाहिका कविता सिंह (जिला कार्यवाहिका धामपुर) सहवर्ग कार्यवाहिका सपना (नगर कार्यवाहिका धामपुर) रहे ।

वर्ग 1 मार्च को समाप्त हुआ। वर्ग में 40 शिक्षार्थी 10 व्यवस्था की बहने व 10 शिक्षकाएं रहीं। लक्ष्य के अनुसार 10 शाखाएं लगी, शिक्षार्थी बहनों को स्वयं की सुरक्षा हेतु दंड, यष्टि नियुद्ध इत्यादि सिखाए।

बौद्धिक सत्र में बौद्धिककर्ता के रूप में क्षेत्राधिकार व समिति के पालक अधिकारी मनीराम, विभाग प्रचारक बिजनौर विभाग, क्रांति कुमार, बिजनौर विभाग की पालक अधिकारी मंजू (प्रांत संपर्क प्रमुख मेरठ प्रांत), प्रांत कार्यवाहिका सुकंज बालाजी के अनमोल विचारों को सुनने को मिले। वर्ग में इस्माइलपुर, चांदपुर, हल्दौर, नूरपुर, नगीना, धामपुर नांगल, मंडावली, सरकड़ा, बिजनौर इत्यादि स्थानों से एकत्रित हुई बहनों को समाज में सतर्क रहने हेतु केरला 2 पिक्चर दिखाई गई। कार्यशाला में बहनों ने बहुत सुंदर चित्रण व लेखन किया। अंत में बहनों की परीक्षा ली गई जिसमें सपना व गीता ने प्रथम स्थान और रचना व अनुराधा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# शिक्षक की समारोहपूर्वक विदाई

**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के गणित के अध्यापक सर्वेशचंद्र शर्मा विगत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गये हैं। आज विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान , कोषाध्यक्ष कावेन्द्र सिंह एड. ने



विद्यालय में दी गई उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। सर्वेशचंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक ऋषभ प्रताप एड., आकाशदीप, मा. अभयराम सिंह, मानपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, डा. नयपाल सिंह, सुरेशचंद राजपूत, का. विजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, प्रवक्ता हरवीर सिंह, डा. श्याम सिंह वित्तेश उपस्थित रहे।

# ग्राम खेड़की में फिर चोरी, मुर्गी फार्म बना निशाना

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर से सटे ग्राम खेड़की में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला अब्दुल मन्नान के मुर्गी फार्म का है, जहां चोरों ने जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी कर लिया। इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।

गौरतलब है कि यही मुर्गी फार्म पहले भी चोरों के निशाने पर आ चुका है। करीब डेढ़ साल पहले यहां चोरी की घटना हुई थी, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। इससे साफ है कि चोरों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। इसी गांव में एक सप्ताह पहले फायर स्टेशन के पास फैजी की बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में भी चोरी हुई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में पुलिस गश्त लगभग न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते गश्त बढ़ाई जाती तो इन घटनाओं पर लगाम लग सकती थी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित गश्त की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

# विवादों में उलझी इकड़ा की पुलिया



**धामपुर (चिंगारी)।** सिवहारा चुंगी से शीला टॉकीज मार्ग पर स्थित इकडा नदी की पुलिया के निर्माण का मामला अब सीमा विवाद में उलझने लगा है। ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार का कहना है कि उनकी ग्राम पंचायत की सीमा बंधु नगर तक आती है और इकडा नदी की पुलिया इसके बराबर में है यदि इसमें जल भराव होता है तो उससे ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के निवासी भी प्रभावित होते हैं। नगर पालिका परिषद ने बिना ग्राम पंचायत से वार्ता किए हुए इकडा नदी की पुलिया का निर्माण शुरू करा दिया। उन्होंने बताया कि इस बारे में उप जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## नौरंगाबाद के प्रधान ने बताया अपनी सीमा

उधर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह का कहना है कि इकडा नदी पर बनी हुई पुलिया नगर पालिका परिषद धामपुर की सीमा में आती है। उन्होंने बताया कि इस पुलिया का निर्माण पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार से मिली हुई 16 लाख रुपए की धनराशि से कराया जा रहा है। इकडा नदी की पुलिया पानी निकासी के लिए डेढ़ से 2 फुट ऊंची उठाई जाएगी और इसका चौड़ीकरण भी होगा। उन्होंने बताया कि इस इकडा नाले की सफाई भी नगर पालिका परिषद द्वारा कराई जाती है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सीमा के 100 मी के दायरे में नगर पालिका द्वारा विकास कार्य कराया जा रहा है परंतु कुछ लोग राजनीतिक मुद्दा बनाकर इसका विरोध कर रहे हैं जिससे नगर का विकास प्रभावित हो रहा है।

दूसरी ओर विकासखंड अल्हैपुर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने कहा कि इस पुलिया का पूरी तरह से नए तरीके से निर्माण होना चाहिए। नगर पालिका परिषद पुरानी पुलिया के लेंटर को 2 फीट ऊंचा करके मात्र औपचारिकता पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने विनिमय क्षेत्र धामपुर से 20 लाख रुपए की स्वीकृति कराई थी। इसके बावजूद नगर पालिका ने आनन-फानन में निर्माण शुरू करा दिया उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# ..और अब सरकारी सिस्टम की बेरूखी से जूझ रहे नन्हे सिंह

**नहटौर (चिंगारी)। ग्राम हरपुर निवासी नन्हे सिंह आकाशीय बिजली की मार झेलने के बाद अब सरकारी सिस्टम की बेरुखी से जूझ रहे हैं। महीनों पहले बिजली गिरने से नन्हे सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। लंबे इलाज के बाद स्वस्थ होकर लौटे पीड़ित को अब तक शासन-प्रशासन से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है।**

बता दें कि कुछ महीने पहले ग्राम हरपुर निवासी नन्हे सिंह के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई थी जिससे वह झुलस गये तथा उनका मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। काफी समय इलाज कराने के बाद मुआवजे के लिए बीडीओ नहटौर से लेकर जिलाधिकारी तक के चक्कर काटे लेकिन कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने लखनऊ और गोरखपुर जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन नतीजा सिफर रहा। पीड़ित ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह अपने क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत भी नहीं करा सकता है। उधर ग्राम सचिव अंतरिक्ष कुमार ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की जा चुकी है। पीड़ित नन्हे ने बताया कि जांच तो की गई है लेकिन सहायता राशि अब तक नहीं मिली है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गरीब पीड़ित की पुकार कब सुनता है।

# भक्तिभाव से मनाया गया बजरंग बली का जन्मोत्सव

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी सम्मिलित हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्म मुहूर्त में भगवान बालाजी को चोला चढ़ाकर की गई, जहां बड़े प्राचीन शिव मंदिर में निखिल अग्रवाल ने ,वहीं छोटे शिव मंदिर पर नितिन वर्मा द्वारा भगवान बालाजी को चोला चढ़ाया गया। चोला चढ़ाने की इस पावन प्रक्रिया ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं ने जय बजरंग बली के जयघोष के साथ आयोजन को आरंभ किया। इस मौके पर श्री बालाजी दरबार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बताया कि भगवान बालाजी को 51 किलो के लड्डू का भोग आयुष गुप्ता की ओर से लगाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोपहर में मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण पुण्य लाभ कमा सकते हैं। तत्पश्चात रात्रि में मंदिर प्रांगण में भगवान बालाजी के जागरण का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से रोहित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, निक्की वर्मा, अजीत वर्मा, अजय कौशिक, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, महेश शर्मा, संजय माली, निखिल अग्रवाल, राजा भार्गव, मुकेश कंबोज, सुधीर अग्रवाल, अतुल जोशी, लव कौशिक, हिमांशु गौड़, अमन अरोरा, अतुल जैन, अशोक अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अंकुश जैन, आनंदवीर रस्तोगी, अंकित विश्नोई, राकेश कर्णवाल, संजय जोशी, मुकेश शर्मा, रवि कर्णवाल, शरद कर्णवाल, सुशील रस्तोगी, उमेश अग्रवाल उर्फ बब्बी, श्रीमती शशि बिश्नोई, श्रीमती पूनम देवी, अंकुर अग्रवाल, सरस बिश्नोई, राहुल पाठक आदि उपस्थित रहे।


मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

# दिल्ली में सम्मानित हुये शाश्वत धीमान वेस्ट मैनेजमेंट के लिये मिला सम्मान

**नांगल सोती (चिंगारी)।** छात्र शाश्वत धीमान को नई दिल्ली में 'यूथ सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उसे 'वेस्ट मैनेजमेंट एवं खुले में फेंकमुक्त अभियान' के प्रभावशाली संचालन के लिये प्रदान किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाला शाश्वत धीमान गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर (बिजनौर) में कक्षा सात का छात्र है। नई दिल्ली स्थित यूनेस्को हाउस में आयोजित 'नेट ग्रीन फाउंडेशन हाई इम्पैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026' के दौरान यह सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। शाश्वत धीमान को यह सम्मान सामूहिक रूप से नेट ग्रीन फाउंडेशन की निदेशक सुश्री सुरभि गुप्ता, प्राकृतिक विज्ञान, यूनेस्को इंडिया के प्रमुख डॉ. बेन्नो बोयर तथा दिल्ली सरकार में उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शाश्वत धीमान पिछले तीन वर्षों से लगातार अपने अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है। वह स्कूलों, कॉलेजों, दुकानों और घर-घर जाकर लोगों को यह संकल्प दिलाता है कि वे कचरे को खुले में नहीं फेकेंगे और स्वच्छ वातावरण बनाये रखने में सहयोग करेंगे। उसके इस प्रयास से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।


अतिथियों के साथ मंच पर मौजूद शाश्वत धीमान

# आधुनिक जीवन में हनुमान : शक्ति, बुद्धि और नीति का संतुलित आदर्श

**श्री हनुमान जयंती (2 अप्रैल) पर विशेष**

## जय कपीस तिहुं लोक उजागर

–प्रकाश पंकज
हल्दौर

चैत्र मास की पूर्णिमा का वह पावन क्षण, जब वायु-पुत्र हनुमान का अवतरण हुआ, केवल एक जन्म की घटना नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और संस्कार के दिव्य संगम का उद्घोष था। हनुमान जयंती हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देती, बल्कि यह आत्मचिंतन का भी पर्व है—जहां हम अपने भीतर छिपी संभावनाओं, साहस और सेवा-भाव को पहचानने का प्रयास करते हैं। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि जब शक्ति विनम्रता से जुड़ती है, ज्ञान सेवा में समर्पित होता है और जीवन का उद्देश्य लोककल्याण बनता है, तब एक साधारण व्यक्ति भी असाधारण बन सकता है।

**बुद्धिहीन तनु जानिके,
सुमिरौं पवन कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं,
हरहु कलेश विकार॥**

यह प्रार्थना हमें यह समझाती है कि हनुमान जी के व्यक्तित्व का मूल केवल बल नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक भी है। आधुनिक जीवन में जहां सूचना की प्रचुरता है, वहां विवेक की कमी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। हनुमान हमें सिखाते हैं कि ज्ञान का सही उपयोग ही उसे सार्थक बनाता है।



हनुमान जी भारतीय संस्कृति और संस्कारों के उत्कृष्ट प्रतिनिधि हैं। उनके जीवन में गुरु-भक्ति, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कभी भी अपनी शक्ति का अहंकार नहीं किया, बल्कि उसे सदैव लोककल्याण के लिए प्रयोग किया। आज जब समाज में आत्मकेन्द्रित प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, तब हनुमान का यह गुण हमें संतुलित और उत्तरदायी बनने की प्रेरणा देता है।

**रामकाज कीन्हे बिनु,
मोहि कहां विश्राम।**

यह पंक्ति उनके कर्तव्यबोध और समर्पण की पराकाष्ठा को दर्शाती है। वर्तमान समय में जब लोग परिणाम पर अधिक और प्रक्रिया पर कम ध्यान देते हैं, तब हनुमान का यह दृष्टिकोण हमें सिखाता है कि सच्ची सफलता कर्तव्यनिष्ठा और निरंतर प्रयास में निहित होती है।

विज्ञान और तकनीक के इस युग में हनुमान जी का जीवन हमें यह भी बताता है कि आस्था और विज्ञान विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। समुद्र लांघने की घटना को यदि प्रतीकात्मक रूप से देखें, तो यह आत्मविश्वास, साहस और समस्या-समाधान की क्षमता का उदाहरण है। उन्होंने परिस्थिति का विश्लेषण किया, अपनी शक्ति को पहचाना और सही रणनीति अपनाकर लक्ष्य प्राप्त किया। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**सूक्ष्म रूप धरि सियहिं
दिखावा,
विकट रूप धरि लंक जरावा।**

यह चौपाई हमें अनुकूलन का महत्व सिखाती है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में वही व्यक्ति सफल होता है, जो परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल सके। हनुमान जी ने समय और परिस्थिति के अनुसार अपने रूप और व्यवहार को बदला, जो उनकी बौद्धिक लचीलापन और रणनीतिक सोच को दर्शाता है।

कूटनीति और सहकार की दृष्टि से भी हनुमान का चरित्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभीषण को राम के पक्ष में लाकर यह सिद्ध किया कि सही सहयोग और विश्वास से ही बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

**प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं,
जलधि लांघि गए अचरज नाहीं॥**

यह पंक्ति विश्वास और उद्देश्य की स्पष्टता का प्रतीक है। जब व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट और समर्पित होता है, तो उसके लिए कठिन से कठिन कार्य भी संभव हो जाते हैं। यह सिद्धांत आज के पेशेवर जीवन में भी उतना ही लागू होता है।

युद्ध निपुणता के संदर्भ में हनुमान जी केवल बलशाली योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल



रणनीतिकार भी थे। लंका दहन की घटना केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक युद्ध का उदाहरण है। उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दी और उसके आत्मविश्वास को कमजोर किया। यह दर्शाता है कि युद्ध केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और रणनीतिक भी होता है।

**जय हनुमान ज्ञान गुन सागर
जय कपीस तिहुं लोक उजागर।**

यह पंक्ति उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का समग्र चित्र प्रस्तुत करती है-जहां ज्ञान, गुण और पराक्रम का अद्भुत संतुलन है। आज के युवाओं के लिए यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि केवल एक क्षेत्र में उत्कृष्टता पर्याप्त नहीं, बल्कि समग्र विकास आवश्यक है। हनुमान जी का सबसे महत्वपूर्ण गुण उनका निष्काम सेवा भाव है। उन्होंने अपने हर कार्य को प्रभु श्रीराम को समर्पित किया और कभी भी व्यक्तिगत लाभ की इच्छा नहीं की। यह गुण आज के समय में अत्यंत दुर्लभ होता जा रहा है, जहां अधिकांश लोग स्वार्थ से प्रेरित होकर कार्य करते हैं। हनुमान हमें सिखाते हैं कि सच्ची संतुष्टि सेवा और समर्पण में ही निहित है। हनुमान केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन हैं जो हमें यह सिखाते हैं कि संतुलन, समर्पण और सहकार के साथ ही सच्ची प्रगति संभव है।

# द हेज़लमून स्कूल के नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**चांदपुर ( चिंगारी )। द हेज़लमून स्कूल, चांदपुर में नये शैक्षणिक सत्र का आरंभ हर्षोल्लास, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।**



दिन की शुरुआत एक भव्य स्पेशल असेम्बली से हुई, जिसमें कार्नेलियन हाउस के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पावनी गर्ग, निमिषा आर्या, अदीब आलम, मोहम्मद याह्या, ध्रुव यादव, मिष्ठी अहलावत, ओम गोयल एवं अविका गर्ग ने प्रार्थना सभा का सुचारु संचालन किया। सभी विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना कर ज्ञान और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात विधिवत हवन तथा नये विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेश संस्कार आयोजित किया गया। प्री-प्राइमरी कक्षाओं में रोचक कक्षा-कक्ष गतिविधियां आयोजित की गईं, वहीं नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए 'विद्यारंभ' कार्यक्रम का आयोजन कर उनके शैक्षणिक जीवन की मंगलमय शुरुआत की गई। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि सफलता का मार्ग अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही प्रशस्त होता है। विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने भी अपने विचार रखे।

# आबादी क्षेत्र में घुस आया गुलदार

## घेर में बंधे बछड़े को बनाया शिकार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** आबादी क्षेत्र में आकर गुलदार ने पशुशाला में बंधे एक बछड़े को निवाला बना डाला। इस घटना का पता लगने पर ग्रामीणों में दहशत फ़ैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी धर्मपाल सिंह सैनी का घर गांव के पंचायतघर के पास स्थित है। उसके निकट ही पशुशाला बनी हुई है। धर्मपाल सिंह ने बताया कि विगत रात्रि रोज की भांति उनके पांच पशु पशुशाला में बंधे हुए थे। देर रात पशुओं को चारा डालने के बाद वह उन्हें सही सलामत देख अपने घर सोने आ गए थे। कल सुबह जब वे पशुओं को चारा डालने के लिए पशुशाला में पहुंचे तो वहां उन्हें बछड़ा लहुलुहान हालत में मृत पड़ा मिला। उसका कुछ हिस्सा खाया हुआ था और पास में गुलदार के पंजों के निशान भी लगे हुए थे। धर्मपाल सिंह ने बताया कि गुलदार ने पशुशाला में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया है। आबादी क्षेत्र में आकर गुलदार द्वारा पशुशाला में बंधें बछड़े को निवाला बनाने की इस घटना का पता लगने से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र के जंगल में गुलदार आयेदिन घूमता नजर आ रहा है और कई बेसहारा पशुओं को भी निवाला बना चुका है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# शत-प्रतिशत रहा महावीर स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय सिविल लाइन स्थित महावीर बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। नर्सरी से यूकेजी तक में एलकेजी के दीप सिंह ने कक्षा 5 से 8 तक में कक्षा 5 की वंशिका सैनी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। सर्वाधिक उपस्थित कक्षा 5 की खुशी सैनी की रही। समस्त कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को प्रधानाचार्या अंजू जैन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सपना खन्ना ने किया।

# मंसूरी समाज ने शादी में फिजूलखर्ची पर रोक लगाई



मंसूरी समाज ने नफ़ीस मंसूरी को सम्मानित किया।

## बच्चों को दीनी तालीम दिलाने पर जोर दिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय मंसूरी समाज की महत्वपूर्ण बैठक धामपुर रोड स्थित न्यू हैवन इंटर कॉलिज में आयोजित की गयी, जिसमें मंसूरी समाज के जिम्मेदार और जागरुक लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युसुफ मंसूरी ने मंसूरी समाज को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। बैठक में निर्णय हुआ कि लड़के-लड़कियों की शादियों में फिजूल खर्ची पर पाबंदी लगाई जाए। शादियों में हल्दी, मेहंदी की रस्म, चार पहिया वाहन, कार्ड बांटने व आतिशबाजी, बैंडबाजा और डीजे पर रोक लगाई जाए। बैठक में उपस्थित मंसूरी समाज के लोगों ने इन निर्णयों को सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष युसुफ मंसूरी के कुशल व संघर्षशील नेतृत्व की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सलीम मंसूरी ने कहा कि मंसूरी समाज को मजबूत करने की दिशा में यह निर्णय एक बड़ा ऐतिहासिक फैसला है। बैठक में मंसूरी समाज के मेहनती व संघर्षशील लोगों को सम्मानित भी किया गया, जिसने हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, नफीस अहमद मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी, जावेद मंसूरी, बैठक का समापन एकजुटता भाईचारे और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ किया गया। नफीस अहमद मंसूरी, हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी, डॉ. जाकिर मंसूरी, डा. शकिल मंसूरी एडवोकेट, शादाब मंसूरी, मास्टर असलम मंसूरी, इमरान मंसूरी, शेरखान मंसूरी, नईम मंसूरी, दिलशाद मंसूरी, अफजाल मंसूरी आदि ने बैठक को सम्बोधित किया।

# नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर चांदपुर में नवीन सत्र 2026-27 का शुभारम्भ हवन-यज्ञ व बच्चों के तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। विद्यालय में नवीन सत्र का शुभारंभ यज्ञ-हवन के साथ हुआ, जिसमें यजमान के रूप में रतनेश मिश्रा उपप्रबन्धक, शुगर मिल, चांदपुर), सुधीर अग्रवाल (नामित सभासद, चांदपुर) एवं प्रभात यादव जिला मंत्री बीजेपी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सुधीर अग्रवाल एवं प्रभात यादव का नवीन दायित्व मिलने पर माला पहनाकर एवं पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। सत्र आरम्भ के शुभ अवसर पर विद्यालय में नवीन वाहन आने पर उसका विधिवत पूजन करके सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# नारी शक्ति संगठन ने रविदास मंदिर में किया 'सामूहिक कन्या पूजन'

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चैत्र शुक्ल पक्ष मां दुर्गा के नवरात्रों के उपलक्ष में 'नारी शक्ति संगठन' की महिलाओं ने आदमपुर ग्राम के रविदास मंदिर पर 'सामूहिक कन्या पूजन' कार्यक्रम किया। सर्वप्रथम सभी महिलाओं ने मिलकर कन्याओं को रोली का तिलक लगाकर कलाई पर कलावा बांधा। तत्पश्चात सभी बच्चों को चिप्स के पैकेट, सोया कटोरी के पैकेट, चौलाई के लड्डू, बर्फी, नमकीन के पैकेट, फल, कुरकुरे, बिस्किट के पैकेट, टॉफी आदि का वितरण किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने नवरात्रों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं। नवरात्रों में व्रत रखने से हमारा तन-मन शुद्ध रहता है एवं शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। अतः हमें अपने घरों के साथ-साथ किसी सामूहिक स्थान पर जाकर भी कन्या पूजन करना चाहिए एवं वहां के बच्चों को अपने हिन्दू देवी-देवताओं के विषय में बताना चाहिए। इस सामूहिक कन्या




पूजन में संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान, गार्गी अग्रवाल, उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, रिंकी मसीह, पूनम शर्मा मंत्री, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, अंशु विश्नोई, रश्मि तोमर, सुनीता शर्मा, शिखा अग्रवाल, नीलम चौधरी, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी माही आदि उपस्थित रहीं।

# चौहान मैडम ने आश्रम की वृद्ध माताओं के लिये दी एक लाख 11 हजार की आर्थिक सहायता

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र की जानी-मानी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमला चौहान ने महिलाओं की पीड़ा को देखते हुए वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम में निवास कर रही वृद्ध माताओं के लिए एक लाख ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनके इस सहयोग से आश्रम में रह रही जरूरतमंद माताओं को बड़ी राहत मिलेगी। गौरी गोपाल आश्रम में लगभग 390 वृद्ध माताएं निवास करती हैं। जिनके भोजन, देखभाल व अन्य आवश्यक खर्च कथा प्रवक्ता अनिरुद्ध आचार्य द्वारा वहन किए जाते हैं। उनके इस सेवा भाव से प्रभावित होकर ही श्रीमती चौहान ने यह धनराशि आश्रम को प्रदान की है। इस दौरान अनिरुद्ध आचार्य ने उनसे मुलाकात कर उनके इस सराहनीय एवं मानवीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उनके इस कदम की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। नगर के मोहल्ला किला निवासी श्रीमती कमला चौहान का जन्म 28 जून 1944 को स्याऊ चांदपुर में हुआ था। वर्ष 1970 में उनकी नियुक्ति राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में हुई तथा वर्ष 2004 में वहीं से सेवानिवृत्त हुईं। लंबे शिक्षण कार्यकाल के दौरान उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उस समय जब कई परिवार सामाजिक संकोच के कारण बेटियों को स्कूल भेजने से कतराते थे, तब उन्होंने घर-घर जाकर हिंदू व मुस्लिम परिवारों को जागरूक किया और छात्राओं का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कराया। उन्होंने न केवल विद्यालय में शिक्षण कार्य किया बल्कि सैकड़ों बालिकाओं को नि:शुल्क ट्यूशन देकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य भी किया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि उनके पढ़ाए हुए अनेक छात्र-छात्राएं आज देश-विदेश में विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका सामाजिक जुड़ाव निरंतर बना हुआ है और वे समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती हैं। क्षेत्र में उन्हें 'चौहान मैडम' के नाम से विशेष पहचान और सम्मान प्राप्त है तथा उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।


अनिरुद्ध आचार्य के साथ श्रीमती कमला चौहान।

# छात्राओं ने प्रदर्शन किया शानदार प्रधानाचार्या ने दिये पुरस्कार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्थानीय बिडला कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शील सिंह द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कई छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्या शील सिंह ने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहीं और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



# बास्केटबॉल टीम रवाना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 36वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर पुरुष (18वर्ष)का आयोजन 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2026 तक सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, विलेज सुंदरपुर, परसरामपुर, मकूनपुर बाजार, प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने वाली बिजनौर डिस्ट्रिक्ट की टीम कल रात को जनता एक्सप्रेस ट्रेन से धामपुर से रवाना हो गई। टीम में आरव कुमार, ध्रुव (श्री राम राय स्कूल, धामपुर), संचित गोस्वामी, दिव्यान सिंह (डी पी एस, बिजनौर), माज अहमद, परमीत (सेंट मेरिस, नजीबाबाद), शिवा कुमार, शिवम् कुमार, दीपक चौहान (सेंट मेरिस,नूरपुर), राघव कौशिक (डी ए वी इंटर कालेज, बिजनौर) एवं प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह (धामपुर) हैं। टीम को धामपुर रेलवे स्टेशन पर धामपुर के पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव का आशीर्वाद मिलने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। टीम को रवाना करने के लिए बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी एवं संगठन सचिव मोहम्मद राशिद भी उपस्थित रहे।

# हाइवे पर पलटी लकड़ी से भरी ट्राली


बड़ा हादसा होने से टला

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से बड़ा हादसा होने से बच गया। इस घटना में ट्राली में भरी लकड़ी पूरी सड़क पर बिखर जाने से हाइवे की एक लेन बंद हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम छ: बजे एक ट्रेक्टर ट्राली ओवरलोडेड यूकेलिप्टस की लकड़ी भरकर अफजलगढ़ की ओर से धामपुर की तरफ जा रहा था। जब ये हाईवे पर गैस एजेंसी के निकट मोड़ पर पहुंची तो ट्रैक्टर के अगले पहिए हवा में उठ जाने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे उसमें भरी लकड़ी सड़क पर दूर तक बिखर गई और हाइवे की एक साइड बंद हो गई, जिससे वाहनों की लाइन लग गई। जिस समय में घटना हुई, गनीमत हुई कि उस समय ट्रेक्टर के आगे-पीछे आसपास कोई वाहन नहीं था ,वरना हादसा गम्भीर रूप ले सकता था। सूचना पर पहुंचीपुलिस ने वाहनों को दूसरी लेन पर डायवर्ट करा दिया और पलटे ट्रैक्टर-ट्राली को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया। एस आई योगेश कुमार ने बताया घटना के बाद चालक फरार हो गया और कोई जनहानि नहीं हुई है।

# रोडवेज बस और ट्रैक्टर ट्राले में टक्कर

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गत रात्रि ग्राम कामराजपुर में रोडवेज एवं ट्रैक्टर-ट्रॉले की आमने-सामने की टक्कर में रोडवेज चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रोडवेज की बस संख्या यूपी 30 एटी-2694 ग्राम हरचंदपुर से चंदक की ओर जा रही थी। बस में चालक के अलावा कोई और नहीं था। ग्राम कामराजपुर में उक्त बस की सामने से आ रहे गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉले से टक्कर हो गई। टक्कर में रोडवेज बस की ड्राइवर वाली साइड क्षतिग्रस्त हो गई तथा चालक मनोज (53 वर्ष) पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम हरचंदपुर थाना नांगल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बिजनौर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त रोडवेज बस



# केन्द्रीय कृषि मंत्री को भेंट की विदुर ब्रांड की बास्केट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य द्वारा जनपद बिजनौर की स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं द्वारा निर्मित विदुर प्रेरणा ब्रांड के उत्कृष्ट उत्पादों की विदुर बास्केट भेंट की गई। इस अवसर पर दीपा रंजन मिशन निदेशक, (UPSRLM) द्वारा मंत्री जी को अवगत कराया गया कि जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड की सफलता को देखते हुए प्रदेश का प्रेरणा एग्रीगेशन सेंटर बिजनौर में स्थापित किया जा रहा है। इससे न केवल बिजनौर बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश की SHG महिलाओं के उत्पादों को बेहतर बाजार, ब्रांडिंग एवं विपणन के अवसर प्राप्त होंगे। इस गरिमामय अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी एवं मिशन निदेशक दीपा रंजन भी उपस्थित रहे।



# काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन


आरबीएस इंटर कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक , कर्मचारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कहा कि एक अप्रैल, 2005 को सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को समाप्त कर एनपीएस को लागू किया था। इसके विरोध में शिक्षक, कर्मचारी लगातार आंदोलनरत हैं। एनएमओपीएस और अटेवा के आहवान पर एक अप्रैल को पूरे प्रदेश में एनपीएस, यूपीएस का काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी आहवान पर राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती में भी प्रधानाचार्य राजीव चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, संजय कुमार सिंह, बसंत यादव, विवेक कुमार, राजपाल सिंह, डा. श्याम सिंह वित्तेश, विनय सिंह वर्षवाल, दीपक कुमार, अश्वनी कुमार, भीमसैन हल्दिया, नवनीत कुमार, प्रदीप कुमार, अतुल कुमार सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया तथा नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द मन प्रसन्न।

मिथुन- आज दिन 6/29 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

कर्क- आज दिन 6/29 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

सिंह- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कन्या- आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

तुला- आज दिन 6/29 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

वृश्चिक-आज दिन 6/29 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

धनु- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

मकर- योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

कुम्भ- आज दिन 6/29 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

मीन- आज दिन 6/29 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

## वैशाख मास : 3 अप्रैल से 1 मई तक

# भगवान श्रीहरि विष्णुजी को है समर्पित वैशाख मास

-ज्योतिर्विद श्री विमल जैन
मो. : 09335414722



भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार वैशाख मास को अत्यन्त पावन मास माना गया है। इस मास में गंगा स्नान, दान अनन्त पुण्य फलदायी है। वैशाख मास का स्नान-दान आदि चैत्र शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि से वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि तक माना जाता है। ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि स्कन्दपुराण के अनुसार वैशाख मास के समान दूसरा कोई मास नहीं, गंगा के समान कोई नदी-तीर्थ नहीं है। इस बार वैशाख मास 3 अप्रैल, शुक्रवार से शुरू हो रहा है, जो कि 1 मई, शुक्रवार तक रहेगा। मान्यता है कि भगवान श्रीहरि विष्णु, श्रीपरशुराम जी की पूजा करने और श्रीबांके बिहारी जी के दर्शन करने से शांति और सभी दुःखों से मुक्ति मिलती है।

### वैशाख मास की महिमा

ज्योतिर्विद श्री विमल जैन ने बताया कि इस माह में भगवान श्रीहरि विष्णु के साथ चंद्रमा की भी पूजा की जाती है। वैशाख में स्नान, दान और व्रत का विशेष महत्व है। वैशाख मास में तुलसी माँ और पीपल के वृक्ष की भी पूजा का विधान है। इसके अलावा तांबे के बर्तन में जल लेकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से सारे पापों से मुक्ति मिल जाती है। वैशाख के पूरे महीने में भगवान श्रीविष्णु की पूजा की जाती है। भगवान श्रीविष्णु की माधव के रूप में तुलसी पत्र से पूजा की जाती है, इसलिए इसे माधव मास भी कहा जाता है। वैशाख मास में धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधानपूर्वक करना चाहिए, साथ ही श्रीमद्भागवत गीता का पाठ या श्रवण अवश्य करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि वैशाख मास में भगवान श्रीविष्णु की पूजा-अर्चना से सभी कष्टों और दुखों से मुक्ति तो मिलती ही है, साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है।

### वैशाख मास में पूजा का विधान

ज्योतिर्विद श्री विमल जैन ने बताया कि पूरे मास भर सूर्योदय के पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में उठकर गंगा स्नान या गंगाजल मिश्रित स्वच्छ जल से स्नान कर स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। वैशाख मास के नियम आदि का संकल्प लेना चाहिए। पितरों का तर्पण भी तिल द्वारा करना चाहिए। भगवान श्रीहरि विष्णुजी की विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन करके नित्य प्रतिदिन श्रीविष्णु सहस्रनाम, पाप प्रशमन स्तोत्र का पाठ तथा 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करना सौभाग्य में अभिवृद्धि करता है। इस सम्पूर्ण मास में एक समय भोजन करने का विधान है। वैशाख पूर्णिमा के दिन वैशाख मास के यम-नियम-संयम की समाप्ति हो जाती है। इस दिन उद्यापन करके ब्राह्मण को भोजन करवाकर यथाशक्ति यथासामर्थ्य उपयोगी सामानों का दक्षिणा सहित दान करना चाहिए। सामान्यतः नित्य उपयोग में आने वाली समस्त वस्तुओं का दान करना विशेष फलदायी माना गया है। वैशाख मास में मेष संक्रान्ति, अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयन्ती तथा वरुथिनी एकादशी के दिन स्नान-दानादि का विशेष महत्त्व है।

### वैशाख मास में जो वर्जित है

ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि इस मास में शरीर पर तेल लगाना, दिन में शयन करना, कांस्य पात्र में भोजन करना, लहसुन-प्याज आदि का सेवन करना, पर अन्न ग्रहण करना, नशीले पदार्थों का सेवन करना, रात्रि में भोजन करना तथा वे अन्य पदार्थ जिसका भोग भगवान जी को न लगता हो उसे वर्जित बताया गया है।



**विशेष** : वैशाख मास के शुक्लपक्ष की त्रयोदशी, चतुर्दशी एवं पूर्णिमा तिथि को पापनाशिनी तिथि माना गया है, जिन्होंने इन तिथियों के अतिरिक्त अन्य दिनों में गंगा स्नानादि न किया हो, उन्हें शुक्लपक्ष की त्रयोदशी से लेकर पूर्णिमा तक इन तीन तिथियों में स्नानादि करके विष्णु सहस्रनाम एवं श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना चाहिए। इस माह में नियम-संयम के साथ स्नान-दान एवं व्रत करने पर श्रीहरि विष्णुजी की कृपा से पुण्य लाभ मिलता है।

### वैशाख मास के प्रमुख व्रत व पर्व : 7 अप्रैल से 5 मई तक

▸▸3 अप्रैल : वैशाख मास प्रारम्भ ▸▸ 5 अप्रैल : संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत ▸▸ 9 अप्रैल : श्रीशीतला सप्तमी ▸▸ 10 अप्रैल : कालाष्टमी व्रत, शीतलाष्टमी व्रत ▸▸13 अप्रैल : वरुथिनी एकादशी व्रत ▸▸ 14 अप्रैल : सूर्य की मेष संक्रान्ति ▸▸ 15 अप्रैल : प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत ▸▸ 17 अप्रैल : स्नान-दान-श्राद्धादि की अमावस्या ▸▸ 19 अप्रैल : परशुराम जयंती ▸▸ 20 अप्रैल : अक्षय तृतीया, वैनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत ▸▸ 23 अप्रैल : गंगा सप्तमी ▸▸ 24 अप्रैल : श्रीदुर्गा अष्टमी व्रत, श्रीबगलामुखी जयन्ती ▸▸ 25 अप्रैल : श्रीसीता नवमी ▸▸ 27 अप्रैल : मोहिनी एकादशी ▸▸ 28 अप्रैल : रुक्मिणी द्वादशी ▸▸ 29 अप्रैल : प्रदोष व्रत ▸▸ 30 अप्रैल : श्रीनरसिंह जयंती, श्रीछिन्नमस्ता जयन्ती ▸▸ 1 मई : वैशाख पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, वैशाख मास के यम, नियम, व्रत-स्नान आदि के धार्मिक अनुष्ठान का समापन।

जय श्रीराम! जय श्री शनिदेव! जय श्री हनुमान जी! जय श्री महामृत्युंजय जी!

श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह-2026



स्थान- श्री हनुमान धाम
किरतपुर ( बिजनौर )

मुख्य अतिथि
श्री साकेंद्र प्रताप
जिला पंचायत अध्यक्ष
बिजनौर

अति विशिष्ट अतिथि
श्री सूर्यमणि रघुवंशी
संपादक
सांध्य दैनिक चिंगारी

विशिष्ट अतिथि-
श्री संजीव मलिक
जिला पंचायत सदस्य किरतपुर क्षेत्र

-: कार्यक्रम :-
समय रात्रि 8:00 बजे
दिनांक 2 अप्रैल, दिन बृहस्पतिवार

रात्रि 8 बजे होने वाले हनुमानमय मंच कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

-: कार्यक्रम संयोजक :-
आचार्य विक्रम सिंह
हनुमान सिंह चौहान एड.

निवेदक-
प्रदीप चौहान (पत्रकार)
संस्थापक: श्री हनुमान धाम, किरतपुर
एवं ब्रांड एम्बेस्डर: स्वच्छ भारत मिशन
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

# भागवत कथा श्रवण से जीवन में आती है आध्यात्मिकता : डॉ. प्रेमचंद

## गुमानीवाला में भागवत कथा का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गुमानीवाला क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने पहुंचकर कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य लोकेंद्र जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सदाचार, नैतिकता और मानवता के मार्ग पर अग्रसर करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक जागरूकता आती है और समाज में आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी सेमवाल, जीतराम भट्ट, रविंद्र भट्ट, पुष्पानंद पंत, दयाराम पैन्यूली, जीत राम भट्ट, तेजराम सेमवाल, सुरेश पैन्यूली, जमुना प्रसाद भट्ट आदि उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं की बरेली में अधिकारियों को जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मिलिट्री हॉस्पिटल लैंसडौन में उत्तर भारत एरिया बरेली के मास्टर जनरल मेडिसन जनरल हरबिंदर सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की। इस पर उन्हें आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया। समिति अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को अवगत कराया कि रक्षा मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा कोटद्वार में वेटरंस हॉस्पिटल स्वीकृत किया गया है जिसके निर्माण के लिए शीघ्र कार्यवाही करने की आवश्यकता है। कहा कि ईसीएचएस कोटद्वार की एक्स-रे मशीन पिछले छह महीनों से खराब है जिस कारण एक्स-रे करवाने में वयोवृद्ध सैन्य मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने ईसीएचएस में ऑटोराइज लोकल केमिस्ट की व्यवस्था करने व ग्रुप ब के अंतर्गत प्रदत्त स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने समेत कई प्रस्ताव रखे, जिस पर उन्हें सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में अनुसूया प्रसाद सेमवाल, कैलाश नेगी और अनिल पोखरियाल आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## एलपीजी की रोकने को कालाबाज़ारी प्रशासन ने व्हाट्सएप नम्बर किये जारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** एलपीजी की कालाबाजारी रोकने तथा शतप्रतिशत् होम डिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी की मांग आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी जिला प्रशासन द्वारा यह नंबर जारी किए गए हैं 1077, 0135-2626066, 2726066 और व्हाट्सएप नंबर 7534826066 के माध्यम से 28 शिकायतें एलपीजी की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोलरूम में जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में एलपीजी की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में आज लगभग 17355 अधिक उपभोक्ताओं को घेरलू तथा 661 उपभोक्ताओं को व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई है एलपीजी का घेरलू 34786 तथा व्यावसायिक का 4080 स्टॉक उपलब्ध है। घेरलू के साथ ही व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का लोड निरंतर बढ़ाया जा रहा है।

## एमबीएम में 'ध्यान' विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में 'ध्यान' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए प्रधानाचार्य रवींद्र गुसांई ने कहा कि ध्यान मन को शांत करता है और काम, लोभ, मोह जैसे नकारात्मक मनोभावों को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत रहने की क्षमता विकसित करता है। साथ ही ध्यान से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ ही हृदय में भी सुधार होता है। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रीति कुकरेती ने पहला, आरुषि जदली एवं सुहानी बिष्ट ने संयुक्त रूप से दूसरा और मास्टर आर्यन एवं नव्या ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नित्यम योगशाला में नि:शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी की पहल पर नित्यम योगशाला में नि:शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए लोगों को आयुर्वेदिक परामर्श व दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई। शिविर का आरंभ नगर निगम महापौर शैलेंद्र रावत की धर्मपत्नी अनीता रावत, योगाचार्य शोभा रावत, पार्षद अमित नेगी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. सुमित प्रधान व अन्य चिकित्सकों ने लोगों को निशुल्क परामर्श देते हुए कहा कि आधुनिक जीवन शैली में बीमारियों से बचने का सबसे सुरक्षित मार्ग आयुर्वेद ही है, क्योंकि आयुर्वेदिक दवाइयां रोग को जड़ से समाप्त करती हैं और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। इसलिए सभी को जीवन में योग के अलावा आयुर्वेद को भी अपनाना चाहिए। इस दौरान संजीव चंद्र, उम्मेद सिंह नेगी, रोशन सिंह, मनोज सिंह व चंद्रमोहन सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## ज्ञान करतार स्कूल के बच्चों को वितरित की गई गर्मी की ड्रेस



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** चंदेश्वर नगर स्थित ज्ञान करतार नि:शुल्क पब्लिक स्कूल में इस साल भी बच्चों को गर्मी की ड्रेस वितरित की गई। स्कूल के संस्थापक गुरविंदर सलूजा ने बताया कि इस स्कूल की शुरुआत 2016 में मात्र 37 बच्चों के साथ की थी। आज यहां 250 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन बच्चों को किताबें, बैग और अन्य कई प्रकार की सामग्री भी नि:शुल्क दी जाती है, जिससे गरीब बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। गुरविंदर सलूजा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नमिता सलूजा का कहना है कि गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनका उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करना भी है। स्कूल से जुड़े गौशाला, चिकित्सा सेवा, आश्रम सेवा और मंदिर सेवा जैसी गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानव अधिकार प्रदेश अध्यक्ष अशरफी राणावत उत्तराखंड, जय भट्ट प्रदेश अध्यक्ष प्रशासनिक मानव अधिकार उत्तराखंड, संगीता बहुगुणा जिला अध्यक्ष देहरादून कहा कि स्कूल ने कई गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर उनकी जिंदगी बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

## ऋषिकेश बाईपास बनेगा फोरलेन, 1105 करोड़ मंजूर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार द्वारा ऋषिकेश बाईपास को 4 लेन बनाने हेतु 1105.79 करोड़ रुपये की तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने पर ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी धन्यवाद दिया। लंबे समय से किये जा रहे निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऋषिकेश बाईपास के 4 लेन बनने से क्षेत्रीय जनता एवं देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को आवागमन में अत्यधिक सुविधा मिलेगी, साथ ही यातायात का दबाव भी कम होगा। डॉ.अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद ऋषिकेश क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# मुरादाबाद में कुख्यात शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**मुरादाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में बुधवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में उधम सिंह गैंग का 50 हजार रुपये का इनामी शार्प शूटर आशू उर्फ मोंटी चड्ढा मुठभेड़ में मार गिराया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक एसटीएफ कर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट भी छलनी हो गई। मौके से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि कुख्यात उधम सिंह गैंग के सक्रिय सदस्य आशू उर्फ मोंटी को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मार गिराया गया। उसके पास से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री निर्मित 32 बोर की पिस्टल, रिवॉल्वर और बड़ी संख्या में जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आशू उर्फ मोंटी चड्ढा हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव का निवासी था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी समेत 36 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। हाल ही में 15 मार्च को उसने मुरादाबाद के एक प्रमुख निर्यातक से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम न देने पर दबाव बनाने के लिए बदमाशों ने निर्यातक की फैक्ट्री पर फायरिंग भी की थी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार रात सूचना मिली कि आशू अपने एक साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस और एसटीएफ ने सिविल लाइंस क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। इस्लाम नगर रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास बदमाशों को घेरकर आत्मसमर्पण के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# दर्पण झूठ बोलता है!

सच यह है कि दर्पण ने या तो कभी सच नहीं बोला अथवा उसने अब सच न बोलने की कसम खा ली है। अगर दर्पण सच बोल सकता तो कंस कभी भी देवकी के पुत्रों को मिटा डालने की हिमाकत न करता। दर्पण यदि सच बोलता तो चंगेज, तैमूरलंग कभी सीधी कमर करके खड़ा न हो पाते। नमरूद कभी अपने को खुदा बताने का साहस न करता और रावण ने कभी सीता का हरण करने का और दुशासन ने कभी द्रोपदी का चीरहरण करने का दुस्साहस नहीं किया होता। दर्पण को व्यक्ति अपना मित्र और अपने व्यक्तित्व का चितेरा समझता है। लेकिन दर्पण कभी सच नहीं बोलता, यह व्यक्ति को वह बताता है, जो व्यक्ति की आंतरिक भावना होती है। अगर किसी अधेड़ आयु की थुल-थुल महिला को यह भ्रम है कि वह रूपवती है तो दर्पण उसके इस भ्रम को और गहरा करता है। जो लोग अन्यायी प्रकृति के होते हैं, दर्पण उन्हें उनके चेहरे पर अन्यायों से उत्पन्न कालिख के धब्बों को कभी नहीं दिखाता। दर्पण यह भी नहीं कहता कि अपने रूप, अपनी शक्ति और अपनी कुटिलता पर गर्व करने वाले के चेहरे पर उसकी भावनाओं का पाउडर मला होता है। दर्पण अगर सच बोलता तो हर हत्यारा अपना मुंह नोच लेता अथवा आत्मा-ग्लानि के कारण आत्महत्या कर लेता। दर्पण सच बोलता तो कोई व्यक्ति किसी के साथ विश्वासघात नहीं करता, कोई अपने क्षुद्र स्वार्थ के लिये दूसरों पर कीचड़ नहीं फेंका करता और कोई अपने गुनाहगार चेहरों पर उपदेश का मुखौटा लगाकर दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की मूर्खता नहीं किया करता। मैंने ऐसे चन्द चेहरे देखे हैं, जो चाटुकारिता के गड्ढे में गिरकर एक हास्यास्पद विद्रूपता अपने ऊपर मल लेते हैं, लेकिन अभिनय विरोध का करते हैं और वे दर्पण के सामने बिल्कुल नहीं शरमाते। जिसके सामने आदमी नंगा होकर भी अपने तन पर परिधान की कल्पना करता है, वह दर्पण क्या सच्चा हो सकता है। दर्पण अगर सच बोले तो आत्म-प्रवंचना का कोई शिकार न हो। दर्पण अगर सामने वाले की कलई खोले तो कोई दुष्ट अहंकारी न बन सके और दर्पण सच बोले तो न अनाचार हो, न दुराचार और न मिथ्याचार।



**-बाबू सिंह चौहान**
('दर्पण झूठ बोलता है' पुस्तक से)

## स्मृति समारोह

**6 अप्रैल 2026, सोमवार**
**अपराह्न 3:00 बजे से सायंकालीन चाय तक**

**स्व. रतनलाल जैन सभागार**
**जैन धर्मशाला, बिजनौर**

# मऊ में पिता की पीट-पीट कर हत्या

**मऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र में आज तड़के एक युवक ने अपने ही पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम सभा इन्द्रपुर निवासी बसाऊ राम ( 50 ) अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान भोर में उनके पुत्र हरिकेश ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल बसाऊ राम को तत्काल चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हरिकेश को गिरफ्तार कर लिया।**

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S)
Pranab Rajput (M.B.B.S)
Roopali (M.B.B.S)
Vanshika Singh (IIT)
Avantika Rana (M.B.B.S)
Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928